26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 11 अगस्त , 2026

अंक- 288 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## 'ऐसे सुनवाई हुई तो अगला चुनाव आ जाएगा'

सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी की उस याचिका पर सुनवाई की जो पश्चिम बंगाल में चल रही स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर प्रक्रिया से जुड़ी हुई है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने साफ कहा कि जो ट्रिब्यूनल उसके आदेश पर बनाए गए थे, अब उनके कामकाज पर नजर डालने का समय आ गया है। कोर्ट ने कहा कि काफी समय बीत चुका है, ऐसे सुनवाई हुई तो अगला चुनाव आ जायेगा।

Kunwar Satya Vira Degree College, Bijnor

KSVCEM BIJNOR COLLEGE CODE-791

Affiliated To Guru Jambheshwar University, Moradabad

Courses Offered

- B.B.A
- B.Com (Hons.)
- B.Sc (Hons.) - Maths, Zoology, Botany / Chemistry
- B.Sc (Gen / PCM / ZBC)
- B.A (All Subjects)

Admission Open 2026-27

Computer Courses

- Basic Computer Courses
- MS Office, Photoshop, CCC
- 'O' & 'A' Level
- Web & Android Development
- Digital Marketing
- E-Commerce

Opposite Government Polytechnic College, Bairaj Road, Bijnor

+91 9411853446



## आवश्यकता है

सुज़ुकी टू व्हीलर शोरूम बैराज रोड, बिजनौर को मैकेनिक व कम्प्यूटर के काम के लिये लड़के व लड़कियों की आवश्यकता है। सैलरी योग्यता अनुसार होगी।

सम्पर्क करें- 9410433745, 9917057433

# उत्तर प्रदेश में सावन की शिवरात्रि की धूम

सावन की पावन शिवरात्रि पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के शिवालयों से लेकर काशी, प्रयागराज और अयोध्या तक पूरा प्रदेश भगवान शिव की भक्ति में डूबा नजर आया। बाबा विश्वनाथ के दरबार से लेकर गांवों और शहरों के छोटे-बड़े शिव मंदिरों में 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारों की गूंज सुनाई दी। कांवड़िए कंधों पर गंगाजल लिए 'बोल बम' के उद्घोष के साथ अपने गंतव्य की ओर बढ़ते रहे। प्रदेश भर में शिवालयों में जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, बेलपत्र अर्पण और भजन-कीर्तन का क्रम दिनभर चलता रहा। बाबा विश्वनाथ धाम में रविवार रात से ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया था। गंगा स्नान के बाद कांवड़िए पवित्र जल लेकर विश्वनाथ मंदिर पहुंचे और भगवान शिव का जलाभिषेक किया। मंदिर परिसर घंटे-घड़ियाल और डमरू की ध्वनि से गूंजता रहा।

ॐ

## शोक सन्देश



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूजनीय श्री अनिल कुमार सोती पुत्र स्व. ब्रह्मस्वरूप सोती (नन्हे जी) का दिनांक 7 अगस्त 2026 को निधन हो गया था। उनकी आरिष्टी/तेरहवीं दिनांक 12 अगस्त 2026 को निज निवास सोती फार्म, नूरपुर रोड, बिजनौर पर निम्न कार्यक्रमानुसार होगी।

दिनांक 12.08.2026, बुधवार

- हवन - प्रातः 6:00 बजे
- ब्रह्मभोज - दोपहर 12:00 बजे
- पुष्पांजलि - दोपहर 2:00 बजे

शोकाकुल परिवार:

सरिता शर्मा (बहन)

आलोक शर्मा, मुकेश शर्मा, मोहित शर्मा (भांजे)

संपर्क सूत्र: मो. 9999330870, 9711309311

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES

भगन्दर FISTULA

फिशर FISSURE

इस तकनीक द्वारा यह बीमारी भविष्य में कभी नहीं होती





डॉ. सुधांशु चौधरी

MS (Anorectal Surgeon)

( गुदा रोग विशेषज्ञ )

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें

आने से पहले कॉल करें-

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

SUSHRUTA COLORECTAL CENTRE

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आठ पुलिसकर्मियों को जारी किए नोटिस

नगीना (चिंगारी)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आम आदमी पार्टी के नेता फिरोज़ हैदर के मामले में तत्कालीन एसएचओ कृष्ण मुरारी दोहरे समेत आठ पुलिसकर्मियों को नोटिस जारी किया है। नगीना के मोहल्ला सराय मीर निवासी फिरोज़ हैदर ने अपने हाईकोर्ट के अधिवक्ता इरशाद सलीम द्वारा 16 जुलाई 2026 को हाईकोर्ट इलाहाबाद में रिट पिटिशन दायर कर कहा था कि नगीना थाना कोतवाली पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर कथित रूप से भड़काऊ बातें व कार्य करके धार्मिक भावनाएं भड़काने के आरोप में गिरफ्तार किया था। रिट पिटिशनर के अधिवक्ता इरशाद सलीम ने बताया कि हाईकोर्ट ने तत्कालीन एसएचओ कृष्ण मुरारी दोहरे, सब इंस्पेक्टरों अजय कुमार, देवेंद्र कुमार व रवि कुमार और कांस्टेबल्स धर्मेंद्र कुमार,आशीष कुमार, खुशीराम व उदय कुमार को नोटिस जारी किए हैं। दस दिन में स्टेप लेने के निर्देश देते हुए लिस्टिंग के लिए 15 सितंबर की तारीख लगाई है।



## स्वर्ण पदक जीतकर लौटे डॉ. महमूद अहमद 'भोलू' का किया गया स्वागत

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** उत्तराखंड राइफल एसोसिएशन की 24 वीं चैम्पियनशिप-2026 में 50 मीटर प्रोन मास्टर मेन स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल कर जनपद बिजनौर का नाम रोशन करने वाले डॉ. महमूद अहमद उर्फ भोलू का बिजनौर डेली न्यूज परिवार की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। डॉ. महमूद अहमद 'भोलू' की इस शानदार उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। स्वर्ण पदक जीतना उनके लिए ही नहीं, बल्कि पूरे जनपद बिजनौर के लिए गौरव की बात की गई। इस अवसर पर डॉ. महमूद अहमद ने कहा कि उत्तराखंड राइफल एसोसिएशन की 24 वीं चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त करना उनके लिए बेहद गर्व व सम्मान का क्षण है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिवार, कोच, शुभचिंतकों व सभी समर्थकों के निरंतर सहयोग, आशीर्वाद एवं प्रोत्साहन को दिया। चैम्पियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद उन्हें पूर्व कैबिनेट मंत्री, उत्तराखंड सरकार नारायण सिंह राणा एवं शूटिंग रेंज के जनरल सेक्रेटरी सुभाष राणा द्वारा स्वर्ण पदक पहनाकर सम्मानित किया गया। डॉ. महमूद अहमद 'भोलू' ने अपनी प्रतिभा, मेहनत व लगन से जनपद का गौरव बढ़ाया है। उनकी यह उपलब्धि युवाओं के लिए भी प्रेरणादायक है तथा खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का संदेश देती है। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार इकबाल हिंदुस्तानी, खिजर अहमद, वसीम अहमद, अज़ीम इकबाल, गुलज़ार कुरैशी, बिट्टू सैफी उर्फ खुर्रम, फहीम राईन, अदनान शमशी, शानू सैफी, नजीब अहसनकरी, आबिद, हाफिज आजाद, इमरान, सुल्तान मलिक आदि ने डॉ. महमूद अहमद 'भोलू' का फूल-मालाओं से गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए उन्हें मुबारकबाद दीं।

## तनवीर अहमद को मिली डॉक्ट्रेट की मानद उपाधि

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के अदब सिटी निवासी शिक्षक तनवीर अहमद को वाशिंग्टन डिजीटल यूनिवर्सिटी द्वारा शिक्षा व समाजसेवा के क्षेत्र में विशेष योगदान देने के लिए मानद डॉक्टरेट की उपाधि देकर सम्मानित किया गया है। दिल्ली में आयोजित हुए एक भव्य शैक्षिक सम्मान समारोह में कई देशी व विदेशी हस्तियों ने प्रतिभाग किया। समारोह में घाना (अफ्रीका) के प्रोफेसर हैफर्ड प्रस कोफी डार्को, कैमरून के डॉक्टर लॉरेंस यूटा व डॉक्टर सेम फकूला दक्षिण अफ्रीका, डॉक्टर लुरान्स जे मलेशिया, डॉक्टर एल डिनूसा, डॉक्टर आरिफ बटट, डॉक्टर प्रसनजीत कुमार सिंह प्रोफेसर लंदन डॉक्टर अशोका हिरत, डॉक्टर अब्दुल करीम, डॉक्टर दिव्यान्सु खल आदि मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि मास्टर तनवीर अहमद को इससे पूर्व भी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन अभियान में सहयोग करने व जनजागरूकता अभियान चलाने के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया था तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जनपद बिजनौर द्वारा आदर्श शिक्षक का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मास्टर तनवीर अहमद ने संपूर्ण साक्षरता अभियान के अंतर्गत जलालाबाद में निरक्षरों को साक्षर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया था। कैप्शन-शिक्षक तनवीर अहमद को उपाधि से सम्मानित करते हुए।




धमाका धमाका धमाका

पुरानी के बदले नयी केवल आधे पैसों में

कोई भी कान की पुरानी मशीन

कमर की कोई भी पुरानी बैल्ट (दर्द के लिए या ऑप्रेशन के बाद)

कोई भी Knee Cap (घुटनों पर चढ़ाने वाली पट्टी)

**कोई भी शुगर चैक करने की पुरानी मशीन लायें और नई ले जायें**

हमारें यहाँ बड़े व्यक्तियों के लिए डायपर (Adult Diapper) लेटरिन कुर्सी, स्टूल व पोट, यूरिन पोट, व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकर, सिकाई करने वाली बोतल, गरम पट्टी (Crape Bandage), Knee Cap, बेल्ट कमर दर्द के लिए, कॉलर, गले के लिए, Dextrose की बोतल, ऑप्रेशन के बाद बंधने वाली बेल्ट, हरनिया बेल्ट, Anti Dandruff Shampoo, Hand Sanitizer, हाथ धोने के लिए (Cotton, Bandage, Glycerin), मरीजों के लिए (Air Bed, Water Bed) आदि सभी सर्जिकल सामान थोक के उचित मूल्यों पर मिलते है। **पुरानी मशीन की रिपेयर भी होती है।**

**गोयल मेडिकल स्टोर**

नवयुग मार्केट, निकट रोहित होटल, बिजनौर

फोन - 9411012482, 8273387326

**नौकरी के लिये युवक-युवतियां सम्पर्क करें।**


## मोलाना खलीलुर्रहमान कासमी बने भाकियू पथिक के प्रदेश उपाध्यक्ष



नूरपुर (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन पथिक अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वकील अहमद उर्फ मेराजुद्दीन ने क्षेत्र के गांव सेला निवासी मोलाना खलीलुर्रहमान कासमी को यूनियन का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। अपने मनोनयन पर मोलाना खलीलुर्रहमान कासमी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यूनियन के हाईकमान ने उन पर जो भरोसा जताया है उस भरोसे को वह कभी टूटने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि वह हमेश संगठन की एकता और मजबूती के लिए काम करेंगे।


**बिजनौर में खुल गया है**

ATHER कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर ATHER

आज ही लायें एथर स्कूटर



**बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।**

**मो. 8192801901**

**Dhruvika Motors**

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

ब्लॉक प्रमुख द्वारा आयोजित शिविर में डीएम, एसपी ने भी की सेवा (पेज 10)



# भगवान इन्द्र ने भी किया भोले शंकर का जलाभिषेक

## महाशिवरात्रि पर जमकर बरसे बदरा

**बिजनौर (चिंगारी)।** आज सावन की महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं का सैलाब शिवालयों में उमड़ पड़ा। ऐसे में बारिश के देवता भगवान इन्द्र भला क्यों पीछे रहते। उन्होंने भी भोले शंकर का जमकर जलाभिषेक किया।




सावन की शिवरात्रि पर भारी संख्या में हरिद्वार से कांवड़ लेकर आये शिवभक्तों तथा अन्य श्रद्धालुओं ने शुभ मुहूर्त के अनुसार शिवालयों में शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। सुबह 5 बजे से ही शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लग गया। इस अवसर पर मंदिर समितियों ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये अनेक बंदोबस्त किये थे। सुबह 8 बजे से बूंदाबांदी होने लगी थी। दोपहर होते-होते मूसलाधार बारिश होने लगी, जिससे चारों तरफ जल ही जल हो गया। मूसलाधार बारिश से तमाम शहर जलमग्न हो गया, जिसका जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। कई इलाकों में बारिश का पानी लोगों के घरों और दुकानों/प्रतिष्ठानों में भी भर गया, जिससे उन्हें भारी परेशानी व नुकसान उठाना पड़ा। सीवर लाइन में पानी की निकासी की व्यवस्था करने के बावजूद ज्यादा बारिश होने पर शहर में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

### सिद्धि योग का संयोग रहा



सिविल लाइन बिजनौर स्थित धार्मिक संस्थान विष्णुलोक के ज्योतिषविद पंडित ललित शर्मा के सुपुत्र पंडित अभिलाष शर्मा ने बताया कि पंचांग के अनुसार श्रावण कृष्ण चतुर्दशी तिथि आज प्रातः 5 बजकर 54 मिनट पर प्रारंभ हुई, जिसका समापन 12 अगस्त को रात्रि एक बजकर 52 मिनट पर होगा। पंडित अभिलाष शर्मा ने बताया कि इस वर्ष सावन शिवरात्रि पर सिद्धि योग का संयोग बन रहा है। जिनके पूर्वार्द्ध में पुनर्वसु तथा उसके पश्चात पुष्य नक्षत्र रहेगा। इस कारण सावन शिवरात्रि का यह पर्व धार्मिक अनुष्ठान, शिव आराधना और साधना की दृष्टि से विशेष महत्व रखता है।






बारिश में छाता लेकर जाती एक युवती।

### झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहावना

**बिजनौर (चिंगारी)।** सावन की शिवरात्रि पर हुई झमाझम बारिश से मौसम सुहावना हो गया। भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली। कल शाम से ही आसमान में बादल छाये हुए थे। मौसम विभाग ने बारिश की संभावना व्यक्त की थी। आज सुबह हल्की बूंदाबांदी के बाद मूसलाधार बारिश से तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई। लेकिन शहर में कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे लोगों को परेशानी हुई। बारिश होने से कांवड़ियों का उत्साह दुगुना हो गया। नदी-नालों में ऊफान आ गया, जबकि फसलों का लाभ हुआ।



**भली लगे या बुरी ...**

# जेन-ज़ी और भाजपा

**देश में जेन ज़ी का आंदोलन चल रहा है। दिल्ली के जंतर-मंतर के बाद अब झारखण्ड की राजधानी रांची में जेन ज़ी ने अपने आंदोलन से पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा है। युवाओं द्वारा जिस ढंग से अपने मुद्दों को उठाया जा रहा है और आंदोलन की एक नई ताबीर लिखी जा रही है, उसे लेकर कई तरह के कयास लगाये जाने लगे हैं। कोई इसे वर्षों से युवाओं के अंदर पनप रहे आक्रोश की अभिव्यक्ति बता रहा है तो कोई इसे युवा क्रांति का नाम दे रहा है। हालांकि, एक बड़ी जमात ऐसी है, जिसे हर आंदोलन में देश विरोधी ताकतों का हाथ नजर आता है। लेकिन जेन ज़ी के आंदोलन के आगे आखिरकार इस जमात को अपने कदम पीछे खींचने पड़े। उनकी तमाम कोशिशों के बावजूद युवा अपनी बात को देश के सामने बहुत मजबूती से रखने में सफल रहे। यही कारण है कि जो लोग जेन ज़ी को नशेड़ी, नाकारा और गटर जनरेशन बता रहे थे, आज वे उनके स्वागत में फूलमालाएं लिये खड़े हैं। उन पर भरोसा जता रहे हैं और उन्हें विकसित भारत का शिल्पकार बताने लगे हैं। बहरहाल, देश के जेन ज़ी की सोच और दिशा कुछ भी हो, राजनीति फिर भी अपने ढर्रे पर ही चलती है। आगामी चुनावों को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर भावात्मक मुद्दों को धार देना शुरू कर दिया है। भाजपा के अधिकतर मुद्दों का निहितार्थ बहुसंख्यक वोटों का ध्रुवीकरण ही होता है, जिसकी प्रतिक्रिया में वह चाहती है कि अल्पसंख्यक वोटों का भी ध्रुवीकरण हो और संख्या पर आधारित हमारे लोकतंत्र में सरकार पर कब्जा जमाने में उसे कोई परेशानी न हो। याद नहीं आता कि हिन्दू कल्याण की बात करने वाले भाजपा सहित संघ परिवार ने कभी कोई ऐसा मुद्दा भी उठाया हो जो सिर्फ और सिर्फ वास्तविक हिन्दू कल्याण से जुड़ा हो और दूसरे धर्मों की भावनाओं को चोट पहुंचाने की दुर्भावना उसमें निहित न हो। एक ऐसे संविधान के तहत जो राजनीतिक लक्ष्यों के लिए धर्म के दुरूपयोग की इजाजत न देता हो, उसकी दुहाई देते हुए कैसे धार्मिक प्रतीकों का यह खेल वर्षों से चल रहा है, यह सिर्फ हमारे लोकतंत्र के नियन्ता ही बता सकते हैं।**

# 1947 के बाद जेन ज़ेड ने ही सत्ता की जगह व्यवस्था बदलने की मांग की है?



**-इक़बाल हिंदुस्तानी**

6 अगस्त को मुंबई में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अपना आक्रामक रुख़ छोड़कर जेन ज़ेड और जेन अल्फ़ा को वर्तमान पीढ़ी से ज़्यादा देशभक्त और ईमानदार बताया। ऐसा लगता है संघ ने सीजेपी के आंदोलन के भविष्य के बड़े ख़तरे को ठीक से समझकर अपने सुर बदल लिए हैं, लेकिन यह एक दिखावटी, बनावटी और सजावटी बयानबाजी से अधिक कुछ नहीं है। सबको पता है संघ दस मुंह से बोलता है। असली सवाल यह है कि क्या संघ का राजनीतिक मुखौटा यानी बीजेपी, सीजेपी के दबाव में अपना हिंदूवादी पूंजीवादी और विभाजनकारी एजेंडा बदलने को मजबूर होगी? हमें लगता है नहीं। दरअसल बीजेपी और सीजेपी के एजेंडे में चंद मुद्दों पर थोड़े से मतभेद नहीं, बल्कि दोनों के लक्ष्यों में ज़मीन आसमान का फ़र्क है। यह ठीक है कि मोदी सरकार को झुकाने का जो काम पिछले 12 साल में कांग्रेस, विपक्ष या इंडिया गठबंधन नहीं कर पाया वो सीजेपी ने 36 दिन में कर दिखाया। सीजेपी के साथ युवाओं का 26.2 प्रतिशत वोट खड़ा न हो जाए यह डर संघ को है। उसके पास विपक्ष के नेताओं की तरह खोने को भी कुछ नहीं है। युवा होने के कारण वे निडर भी हैं। वे अपना भविष्य चौपट देखकर करो या मरो की लड़ाई लड़ने के लिए सर पर कफ़न बांधकर मैदान में उतरे हैं। वे विरोध करने वालों को गालियां देने पर ईंट का जवाब पत्थर से देकर बीजेपी, आईटी सेल और संघ को सकते में डाल देते हैं। वे सोशल मीडिया के संघ परिवार से बड़े खिलाड़ी हैं।

सीजेपी प्रमुख अभिजीत दीपके ने बीजेपी से कहा है कि वे भागवत की बात सुनें, क्योंकि वे बीजेपी के मेंटर हैं। लेकिन सब जानते हैं बीजेपी नहीं सुनेगी, क्योंकि वह जानती है कि भागवत एक रणनीति के तहत युवाओं को पटाने के लिये केवल लिप सर्विस कर रहे हैं। दीपके ने यह भी कहा है कि हमारी विचारधारा वही होगी जो हमारे संविधान की है। उनका यह भी कहना है वे तमाम दबाव और धमकी के बावजूद न तो बीजेपी में जाएंगे और न ही कोई राजनीतिक पार्टी बनाएंगे। वे दिल्ली में आप और असम में आसू का हश्र देख चुके हैं। वैसे भी मान लो अगर किसी लालच में दीपके बीजेपी में चले भी जाएं या डरकर अपने घर बैठ जाएं तो भी इस आंदोलन की कमान कोई और संभाल लेगा। गुजरात के पटेल आंदोलन के मुखिया हार्दिक पटेल के बीजेपी में जाने की तरह सीजेपी का आंदोलन इससे खत्म नहीं होगा। दीपके कहते हैं वे राजनीति में इसलिए भी नहीं जाएंगे, क्योंकि उससे जनता का भरोसा खत्म हो चुका है। ईडी सीबीआई और चुनाव आयोग से दल तोड़े जा रहे हैं। वे कहते हैं देश को बड़े जनआंदोलन की ज़रूरत है। सीजेपी का दावा है हर वह हर आदमी गुलाम है जो अपने मन की बात नहीं कह सकता। सीजेपी की मुख्य नेता नेहा बोहरा तो यहां तक कहती हैं कि हमने अगर नफ़रत की सियासत की चूलें नहीं हिला दी तो धिक्कार है हमारी छात्र राजनीति पर। इन बयानों से पता लगता है वे अपने मकसद को लेकर स्पष्ट और अडिग हैं।

पेपर लीक से शुरू हुआ सीजेपी का आंदोलन शिक्षा सुधार से होता हुआ अब व्यवस्था परिवर्तन पर ज़ोर दे रहा है। हालांकि भागवत ने बजट का 6 प्रतिशत शिक्षा पर खर्च करने की बात भी कही, लेकिन उनसे पूछा जाना चाहिए फिर शिक्षा बजट 5



से घटाकर आज मोदी सरकार ने ढाई प्रतिशत क्यों कर दिया? भागवत इस अहम सवाल पर बचकर निकल गए कि छात्रों पर बर्बर लाठीचार्ज और पेलेट गन का इस्तेमाल क्यों हुआ? क्या यह संभव है उनको अपनी ही सरकार के इस फैसले का पता नहीं हो? सीजेपी ने आंदोलन के दौरान एक नारा दिया था सरकार बीजेपी की हो, कांग्रेस की हो, आप की हो या आपके बाप की हो, सबको जवाबदेही करनी होगी, यही वह टकराव का वास्तविक बिंदु है जिस पर सीजेपी, बीजेपी को अपना एजेंडा बदलने पर मजबूर करना चाहती है। सीजेपी ने अब इस जवाबदेही में कोर्ट को भी शामिल कर लिया है। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा को जब सुप्रीम कोर्ट ने अंडो के डर से वर्चुअल पेशी की इजाज़त न देते हुए स्वतंत्रता सेनानियों के सीने पर गोली खाने की दुहाई दी तो दीपके और सौरभ दास ने जज साहब को आड़े हाथ लेते हुए लिखा कि क्या सुप्रीम कोर्ट चाहता है कि हर कोई गोली खाए? जब सुप्रीम कोर्ट के जज अपोजिशन लीडर्स के खिलाफ़ इस तरह के बयान देते हैं, तो आम आदमी के लिए क्या उम्मीद बचती है? सीजेपी के सहसंयोजक सौरभ दास ने तो यहां तक कह दिया कि हमने किस तरह के बड़बोले लोगों को जज बनाया है? हमें ज्यूडिशियल अकाउंटेबिलिटी तय करने की जरुरत है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ़ जस्टिस की बेरोजगार युवाओं पर अपमानजक टिप्पणी के जवाब में बनी काकरोच जनता पार्टी अब सरकार के साथ ही कोर्ट जैसी संस्थाओं की निष्पक्षता पर भी खुलकर सवाल उठा रही है। इससे सुप्रीम कोर्ट के रुख़ में भी बदलाव आए या नहीं आए, लेकिन जज सफ़ाई देते नज़र आ रहे हैं।

सीजेपी, बीजेपी की असली लड़ाई इसी मुद्दे पर है कि जनता नहीं सरकार सेवक है। इसीलिए उसकी ही जवाबदेही है। सीजेपी 70 साल से अधिक आयु के नेताओं को घर या आश्रम भेजने की भी मांग कर रही है जो संघ तो कभी भी स्वीकार नहीं करेगा, क्योंकि उनके यहां मरते दम तक प्रमुख बने रहने का नियम है। खुद मोदी 75 साल से अधिक आयु वालों को मार्ग दर्शक मंडल में भेजने का नियम बनाकर उसे अपने लिए लागू करने से मुकर गए। सबको पता है संघ बीजेपी सत्ता का इस्तेमाल अपना हिंदुत्व का एजेंडा लागू करने के लिए कर रहे हैं। इसके लिए संविधान लोकतंत्र और कानून के राज को भी ताख पर रख दिया गया है। शिक्षा का भगवाकरण किया जा रहा है। इतिहास बदला जा रहा है। कोर्स की किताबों में झूठ लिखकर हिन्दू-मुस्लिम के बीच नफ़रत की दीवार चौड़ी की जा रही है। सरकारी स्कूल बंद किए जा रहे हैं। शिक्षा का निजीकरण हो रहा है, जिससे शिक्षा न केवल महंगी हो रही है, बल्कि उसकी गुणवत्ता भी नीचे जा रही है। सरकारी संस्थाओं का निजीकरण करके चोर दरवाज़े से आरक्षण खत्म किया जा रहा है। सरकारी यूनिवर्सिटीज में संघी वीसी और कॉलेजों में संघी प्राचार्य भेजे जा रहे हैं। जहां वे तैनात नहीं हो पाए हैं, वहां एक संघी बड़े वेतन पर उनका ओएसडी या पीआरओ बनाकर डिक्टेट करने के लिए उनके सर पर रखा गया है। कॉर्पोरेट को चंदा दो धंधा लो नीति के तहत खुलकर लूटने की छूट दे दी गई है। सरकारी ठेकों में कमीशन अब तक का सबसे अधिक वसूला जा रहा है, जिससे आएदिन पुल और एक्सप्रेस-वे ध्वस्त हो रहे हैं।

संघ परिवार वाले अपराध करके भी बच जाते हैं, जबकि विरोध करने वाले बेकसूर होकर भी जेल में सड़ते रहते हैं। काले धन से चुनाव जीते जा रहे हैं। बाद में जरूरत पड़ने पर विपक्षी विधायक, सांसद भी ख़रीद लिए जाते हैं। राम नवमी, कांवड़ यात्रा और आएदिन धार्मिक शोभायात्रा को इसी तरह के अकूत धन से फंडिंग भी की जा रही है। संघ, बीजेपी ने फाइव स्टार ऑफिस बना लिए हैं। जहाजों से सफर कर रहे हैं। बड़े-बड़े होटलों में ठहर रहे हैं। वे विरोध बिल्कुल सहन नहीं करते। इससे सत्ता जाने का खतरा है। विपक्ष को लेवल प्लेइंग फ़ील्ड खत्म कर चुनाव जीतने से वंचित कर दिया गया है। कांग्रेस और विपक्ष की सरकारें चाहे कितनी भ्रष्ट और घमंडी रही हों, लेकिन बीजेपी की तरह तानाशाह नहीं रहीं, वे जनता से ऊपर नहीं थीं। यही वजह है कि सीजेपी समझ गई है कि व्यवस्था बदलनी है तो सत्ता को ही बदलना होगा।

**( लेखक नवभारत टाइम्स डॉट कॉम के ब्लॉगर हैं)**

**सीजेपी, बीजेपी की असली लड़ाई इसी मुद्दे पर है कि जनता नहीं सरकार सेवक है। इसीलिए उसकी ही जवाबदेही है। सीजेपी 70 साल से अधिक आयु के नेताओं को घर या आश्रम भेजने की भी मांग कर रही है जो संघ तो कभी भी स्वीकार नहीं करेगा, क्योंकि उनके यहां मरते दम तक प्रमुख बने रहने का नियम है। खुद मोदी 75 साल से अधिक आयु वालों को मार्ग दर्शक मंडल में भेजने का नियम बनाकर उसे अपने लिए लागू करने से मुकर गए। सबको पता है संघ, बीजेपी सत्ता का इस्तेमाल अपना हिंदुत्व का एजेंडा लागू करने के लिए कर रहे हैं।**

# भगवान शिव की पूजा से मिलती है दुःखों से मुक्ति- नीलेश्वर नंद

**नगीना (चिंगारी)।** कथा वाचक नीलेश्वर नंद ने कहा कि श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा आराधना करने से सब दुखों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि शिव भगवान अपनी कृपा से सुख-शांति प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि सावन के मास में हमें शिव पुराण कथा को जरूर सुनना चाहिए, जिससे पुण्य की प्राप्ति होती है। ग्राम तेलीपुरा में शिव मंदिर पर आयोजित कथा में बोलते हुए कथा वाचक नीलेश्वर नंद ने कहा कि श्रावण माह शिव आराधना के लिए विशेष महत्व रखता है। इस माह में जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से शिव आराधना करते हैं उनकी हर मनोकामना पूरी होती है तथा संसार से भी मुक्ति मिलती है, इसलिए इस माह में हमें तन-मन, धन से शिव आराधना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य लोक में बहुत कम लोग हैं जो मुक्ति चाहते हैं तथा शिव लोक में जाना चाहते हैं। जो शिव उपासना करते हैं तथा सच्चे मन से कथा सुनते हैं, उन्हें मुक्ति मिल जाती है तथा उन पर शिव की विशेष कृपा होती है। शिव उपासना से बुद्धि में वृद्धि होती है तथा पुत्र-पुत्री की प्राप्ति होती है। इस लोक में नहीं परलोक में भी उपासना करने वाले को शुभ फल मिलता है। इस अवसर पर कुलदीप कुमार, बलजीत सिंह, रामभजन सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, कविंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, हेमेंद्र, टीकम सिंह, विपिन कुमार ,प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।


ग्राम तेलीपुरा में आयोजित कथा में प्रवचन करते कथावाचक नीलेश्वर नंद।



खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476


# जलाभिषेक के लिए मंदिरों में शिवभक्तों की भीड़ लगी

**नूरपुर (चिंगारी)।** मंगलवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जय बम-बम भोले व हर-हर महादेव के जयघोष से नगर का वातावरण शिवमय हो गया। मंदिरों में जलाभिषेक के लिए शिवभक्तों में उत्साह नजर आया। नगर के मुख्य शिव मंदिर चौराहा पर स्थित शिव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शिवभक्तों ने कतारबद्ध होकर भगवान शिव के प्रतीक शिवलिंग पर गंगाजल, दूध, दही, शहद, बेलपत्र, धतूरा और फल अर्पित किए। पूजा अर्चना मंदिर के पुजारी सुरेश झा ने विधिपूर्वक कराई। श्रद्धापूर्वक जलाभिषेक करने के साथ ही श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ से अपनी-अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने की कामना की। मंदिर परिसर में सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय लोगों का भी विशेष सहयोग रहा। वहीं शिव मंदिर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजीव जोशी के नेतृत्व में पूरी कार्यकारिणी के सदस्य शिव भक्तों की सेवा के लिए मंदिर परिसर के बाहर उपस्थित रहे, जिसमें मीडिया प्रमुख प्रमोद शर्मा और नगर महामंत्री सचिन जोशी ने शिव भक्तों को प्रसाद वितरण किया।



# शेरकोट में शिवमय हुआ वातावरण

**शेरकोट (चिंगारी)।** सावन माह के दूसरे सोमवार और महाशिवरात्रि को लेकर नगर से काफी संख्या में कांवड़ियों के जत्थों का आवागमन होने से क्षेत्र का वातावरण शिवमय दिखाई दिया।

इस अवसर पर नगर के मनोकामना मंदिर सहित कई स्थानों पर शिवभक्तों की सेवा के लिए शिविर चलाए जा रहे हैं। जिनमें धर्मप्रेमियों द्वारा रात-दिन पहुंच रहे कांवड़ियों के जत्थों की सेवा कर धर्मलाभ कमाया जा रहा है। सेवा शिविरों में कांवड़ियों के लिए भोजन, जलपान, फल और विश्राम आदि की व्यवस्था की गई है। डीजे पर बजते भजन और बोल बम व हर-हर महादेव जैसे जयकारों से माहौल शिवमय बना हुआ है। माह के दूसरे सोमवार और अगले दिन पड़ने वाले महाशिवरात्रि पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल नजर आया। शिव भक्तों ने शिव मंदिरों में गंगाजल से शिवलिंग का जलाभिषेक कर मनोकामनाएं मांगीं, वहीं आज क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर में डाक कांवड़ के पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने शिव भक्तों का जोरदार स्वागत किया। उमेश कुमार ने बताया कि डाक कांवड़ लाने वालों में अक्षय कश्यप, प्रियांशु कश्यप, नरेंद्र कश्यप, हिमांशु कश्यप, कमल कश्यप, आशु कश्यप, पंकज पाल, शिवम कश्यप, गौरव कश्यप, तनुज कश्यप, हिमांशु कश्यप, जय कश्यप, प्रिंस कश्यप, अनमोल कश्यप, आर्यन कश्यप, कौशिक कश्यप, अमित कश्यप, रितिक कश्यप,मोनू कश्यप आदि दर्जनों शिवभक शामिल रहे। उन्होंने शिवालय पर जल चढ़ाकर क्षेत्र की कुशलता की कामना की । वहीं कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन रात-दिन मुस्तैद नजर आ रहा है।



# रात भर सड़कों पर दौड़ते रहे कांवड़ वाहन

**नांगल सोती (चिंगारी)।** गत रात्रि सड़कों पर कांवड़ियों के वाहन एक क्षण को नहीं रुके। आज सुबह भी सड़कों पर हर तरफ कांवड़ वाहन ही नजर आये।

लगातार तीसरी रात सड़कों पर कांवड़ वाहन दौड़ते रहे। पूरी रात सड़कें एक क्षण को भी सूनी नहीं रहीं। जबकि आज सुबह भी बड़ी संख्या में डाक कांवड़िये बिजनौर-मंडावली मार्ग पर दौड़ लगाते हुए गंतव्य की ओर बढ़ रहे थे। मोटरसाइकिलों से गंगाजल लेकर आ रहे-लेने जा रहे कांवड़िये नांगल-भागूवाला नहर पटरी मार्ग से गंतव्य की ओर बढ़ रहे थे। पूरी रात और आज सुबह स्थानीय सड़कें कांवड़ियों के ही हवाले रहीं।

रातभर सड़क से गुजरते रहे कांवड़ियों के वाहनों पर बज रहे डीजे की आवाजें वातावरण में गूंजती रहीं। साथ ही कुछ कांवड़िये साइलेंसर निकली मोटरसाइकिलों के बेहद तीव्र शोर के बीच मोटरसाइकिलों से गंगाजल लाते भी नजर आये। स्थानीय कांवड़िये भी सैकड़ों की संख्या में अपनी मोटरसाइकिलों या ट्रैक्टर-ट्रॉली से कल शाम तथा रात्रि में गंगाजल लेने के लिये हरिद्वार गये थे, जो आज सुबह वापस लौटे।


आज कांवड़ियों ने शिवालयों में जाकर गंगाजल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया।

# मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**खासपुरा (चिंगारी)।** खासपुरा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में शिवभक्तों की भीड़ उमड़ रही है। मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गूंज उठे। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की।

शिवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में शिवभक्त हरिद्वार, ऋषिकेश सहित विभिन्न तीर्थस्थलों से कांवड़ के रूप में गंगाजल लेकर पहुंचे। भक्तों ने शिवालय में पहुंचकर शिवलिंग पर गंगाजल चढ़ाकर जलाभिषेक किया। इसके साथ ही बेलपत्र, पुष्प और अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया।

सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों में भी पर्व को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। शिवभक्तों का कहना है कि शिवरात्रि के दिन सच्चे मन से भगवान भोलेनाथ की पूजा करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

# हरिद्वार से कांवड़ लाने वाले जेन-ज़ी का नगर में भव्य स्वागत

**धामपुर ( चिंगारी )।** देश का जेन-ज़ी अपने अधिकारों को लेकर ही सचेत नहीं है, वह धार्मिक गतिविधियों और सनातन संस्कृति व परम्पराओं के प्रति भी बहुत संवेदनशील है। इस बार श्रावण मास में हरिद्वार से कांवड़ लाने वाले श्रद्धालुओं में जेन-ज़ी की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। युवा शिवभक्त पूरे जोशो-खरोश के साथ हरिद्वार से कांवड़ लेकर आये और आज महाशिवरात्रि पर महादेव का जलाभिषेक किया। नगर के मोहल्ला बाड़वान से पांच युवा शिवभक्तों तरुण गोस्वामी, अनिकेत सैनी, अनमोल गोस्वामी, हर्ष गोस्वामी, हनी गोस्वामी का जत्था हर की पैड़ी से गंगाजल भर कर पदयात्रा करते हुए धामपुर पहुंचे। उनके साथ धामपुर के 21 अन्य शिवभक्त भी मार्ग में सहयोग करने के लिए मौजूद रहे। इन शिवभक्तों में आशु गोस्वामी, केशव गोस्वामी, आर्यन गोस्वामी, दक्ष गोस्वामी, वंश गोस्वामी, अभिषेक सैनी, रोहित कुमार, केशव कुमार, कार्तिक सैनी, वंशु गोस्वामी, दुष्यंत गोस्वामी,



ऋतिक सैनी, अभि जोशी, लव्य सैनी, सनी कुमार प्रजापति शामिल रहे। जिन्होंने अपने कंधों पर उनकी कांवड़ को धारण करके मार्ग में अनेक स्थानों पर भरपूर सहयोग प्रदान किया। सोमवार की रात्रि जब शिवभक्तों का यह जत्था धामपुर में नगीना चौराहे पर पहुंचा तो वहां पहले से मौजूद भगवान भोलेनाथ के भक्तों ने पारंपरिक जयकारों से सभी शिव भक्तों का स्वागत किया। नगीना चौराहा पर स्वागत के उपरांत शोभा यात्रा के रूप में यह जत्था रोडवेज बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन मार्ग, पंजाबी मार्केट, बड़ी मंडी, फल चौक, भगत सिंह चौक आदि से होता हुआ खारी कुआं स्थित श्री गौरी शंकर मंदिर पर पहुंचा जहां से इन शिव भक्तों ने हरिद्वार जाते समय अपनी यात्रा प्रारंभ की थी। शोभायात्रा मोहल्ला बाड़वान स्थित शीरे वालों की कोठी के निकट शिव मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। जहां सभी शिव भक्तों ने हरिद्वार से लाए गए जल के द्वारा देर रात्रि भगवान आशुतोष का अभिषेक किया।

# नेशनल हाइवे पर भिड़े कांवड़ियों के दो गुट

## मारपीट का वीडियो वायरल

**धामपुर ( चिंगारी )।** श्रावण मास के दौरान हरिद्वार से गंगाजल लेने जा रहे कावड़ियों की सुरक्षा के लिए शासन के निर्देश पर पुलिस विभाग ने भले ही चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था करने के लिए पुलिस चेक पोस्ट के अलावा मार्ग में पुलिस पिकेट तैनात की हुई हो, परंतु कल रामपुर और संभल के कांवड़ियों के दो गुटों में गाड़ी आगे निकालने को लेकर शेरकोट मार्ग स्थित राजपूताना रिजॉर्ट के निकट हुई कहा सुनी मारपीट में बदल गई। दोनों गुटों में जमकर लाठी डंडे चले, जिससे हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। घटना का संज्ञान मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, परंतु तब तक झगड़ा करने वाले कांवरती जा चुके थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को रामपुर और संभल के कांवड़ियों के बीच शेरकोट मार्ग स्थित राजपूताना रिजोर्ट के सामने गाड़ी आगे निकालने को लेकर कहासुनी हो गई, कुछ ही देर में विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे से गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे लेकर मारपीट पर उतर आए, जिससे हाईवे पर काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे ,लेकिन तब तक मारपीट करने वाले कांवड़िये अपने-अपने वाहनों के साथ वहां से जा चुके थे। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर घटना की जाच की जा रही है।

# कथावाचक पं. परितोष शास्त्री को सम्मानित किया



कथावाचक को सम्मानित करते हुए तरुण परिषद के पदाधिकारी।

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर की सामाजिक संस्था तरुण परिषद द्वारा श्रीमद् भागवत कथावाचक आचार्य पंडित परितोष शास्त्री महाराज को उनकी धार्मिक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। नगर के मोहल्ला गुजरातियान स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर के सत्संग भवन में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के अंतर्गत आयोजित सम्मान समारोह में आचार्य पंडित परितोष शास्त्री महाराज को सम्मानित करने वालों में तरुण परिषद के अध्यक्ष विवेक शर्मा बिट्टू, महासचिव विवेक कुमार शर्मा मोनू, कोषाध्यक्ष विनीत वर्मा, भोले चौहान, राहुल त्यागी, विकास शर्मा, सोनू वर्मा, अनिल कुमार गोयल पप्पू, पीयूष अग्रवाल, अंकुर मित्तल, विनीत कौशिक आदि शामिल रहे। जिन्होंने शाल ओढ़ाकर तथा पगड़ी एवं पुष्प मालाएं पहनाकर कथावाचक महाराज श्री को सम्मानित किया।

# कमिश्नर साहब! इससे तो वादकारियों को धन व समय की और ज्यादा बर्बादी होगी

**धामपुर ( चिंगारी )। मुरादाबाद मंडल के आयुक्त आंजनेय कुमार सिंह द्वारा तहसील धामपुर में अधिकांश कार्य दिवसों में अधिवक्ताओं के कार्य से विरत रहने के कारण न्यायिक कार्य प्रभावित होने से वादकारियों का धन एवं समय अनावश्यक रूप से नष्ट होने का हवाला देकर एसडीएम कोर्ट और तहसीलदार कोर्ट के मुकदमों को ठाकुरद्वारा और नगीना स्थानांतरित किए जाने के आदेश को अधिवक्ताओं ने अनुचित बताया है।**



धामपुर के मोहल्ला गुजरातियान निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता **अनिल शर्मा एडवोकेट** का कहना है कि आयुक्त महोदय का यह आदेश वादकारियों को पीड़ित करने वाला है। इससे उनका समय और धन दोनों बर्बाद होगा। उन्होंने कहा कि वादी के हितों की तहसील में सुनवाई हो। यदि कोई नाराजगी है तो उसका दंड वादी को नहीं मिलना चाहिए।



क्षेत्रीय बार एसोसिएशन धामपुर के अध्यक्ष **चौधरी अरुण प्रताप सिंह** ने आयुक्त महोदय के इस इस आदेश को वकीलों के हको पर प्रहार करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि इस आदेश से वादकारी को न्याय नहीं मिलेगा और उसे अपना समय और धन बर्बाद करके न्याय पाने के लिए दूसर स्थान पर जाना पड़ेगा।

क्षेत्रीय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष **आर के आय एडवोकेट** ने कहा कि आयुक्त महोदय के इस आदेश से बाद कारियों को परेशानी होगी उन्होंने कहा कि वकीलों के कारण वादकारी प्रभावित हो रहे हैं। आयुक्त महोदय के इस आदेश से वादकारियों को आर्थिक और मानसिक नुकसान होगा और उनको कोई न्याय भी नहीं मिल पाएगा।



# सरस्वती विद्या मंदिर में क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** ऋषिकेश के चौदह बीघा में आयोजित दो दिवसीय सरस्वती विद्या मंदिरों के बाल वर्ग की प्रतियोगिताओं में महादेव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अव्वल प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य निर्मल केमनी ने बताया कि प्रतियोगिताओं के अंतर्गत गोला व चक्का फेंक में शौर्य बडोला व बैडमिंटन एकल वर्ग में अक्षिता रावत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 200 व 400 मीटर दौड़ में नितीश ने द्वितीय, 600 मीटर दौड़ में अमृता व लंबी कूद में साक्षी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की कबड्डी टीम ने भी तीसरा स्थान प्राप्त किया। छात्र-छात्राओं के इस प्रदर्शन पर विद्यालय परिवार ने उन्हें बधाई दी है।

**धामपुर में दैनिक बिजनौर टाइम्स व सांध्य दैनिक चिंगारी में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।**

**बिजनौर टाइम्स-चिंगारी कार्यालय**
**निकट थाना कोतवाली, धामपुर**

मनोज कात्यायन 9927500708
जुल्फिकार मंसूरी 9568154643

# हिन्दु समाज, सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग ले : सौरभ मालपानी

## माहेश्वरी सभा ने विहिप के नये जिलाध्यक्ष का स्वागत किया



विहिप के जिला अध्यक्ष सौरभ मालपानी का स्वागत करते हुए संस्था के पदाधिकारी।

**धामपुर( चिंगारी )।** स्टेशन मार्ग स्थित वेलिना रिजॉर्ट में आयोजित कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सौरभ मालपानी का श्री माहेश्वरी सभा धामपुर के कोषाध्यक्ष कुलभूषण माहेश्वरी ने पटका पहनाकर और माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में मनोज माहेश्वरी, सुशील माहेश्वरी, अभिनंदन माहेश्वरी, ब्रजभूषण माहेश्वरी, अश्विनी माहेश्वरी, अक्षय माहेश्वरी, शुभम मालपानी, शिवम माहेश्वरी, सुमित माहेश्वरी आदि सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। कार्यक्रम में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सौरभ मालपानी ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद हिंदू समाज को संगठित और शक्तिशाली बनाने के लिए समाज के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज, विश्व हिंदू परिषद के माध्यम से सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग ले। उन्होंने समाज के सभी बंधुओं से विश्व हिन्दू परिषद से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन सचिव अमित माहेश्वरी द्वारा किया गया।

# अंकिता भंडारी हत्याकांड : हाईकोर्ट में जमानत पर सुनवाई अब 18 अगस्त को

## तीनों दोषियों की ओर से पेश की गईं दलीलें

**नैनीताल ( चिंगारी )।** उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में दोषी ठहराए गए पुलकित आर्य, सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता की जमानत याचिकाओं पर सोमवार को नैनीताल हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। तीनों की ओर से अदालत के समक्ष अपने बचाव में दलीलें पेश की गईं। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 18 अगस्त 2026 की तारीख तय की है। उस दिन अभियोजन और शिकायतकर्ता पक्ष की ओर से अपना पक्ष रखा जाएगा। सुनवाई के दौरान तीनों आरोपियों की ओर से अधिवक्ताओं ने अदालत में दलील दी कि वे निर्दोष हैं और उन्हें अभियोजन पक्ष की ओर से गलत तरीके से फंसाया गया है। बचाव पक्ष ने मामले में पेश किए गए साक्ष्यों और तथ्यों पर भी सवाल उठाए।

बचाव पक्ष की ओर से विशेष रूप से उन व्हाट्सऐप संदेशों का मुद्दा उठाया गया, जिनका मामले की कहानी और अभियोजन के आरोपों में



फाइल फोटो

महत्वपूर्ण स्थान रहा है। आरोपियों की ओर से कहा गया कि इन संदेशों का पर्याप्त सत्यापन नहीं हुआ है और इन्हें साजिश के तहत तैयार किए गए साक्ष्य के रूप में देखा जाना चाहिए। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने कुछ अन्य तथ्यों को भी अदालत के सामने रखा।

अब अगली सुनवाई में अभियोजन पक्ष और शिकायतकर्ता पक्ष की ओर से इन दलीलों का जवाब दिया जाएगा। इसके बाद हाईकोर्ट जमानत याचिकाओं पर आगे विचार करेगा।

### अपर सत्र न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी

अंकिता भंडारी हत्याकांड में कोटद्वार की अपर जिला एवं सत्र अदालत ने 30 मई 2025 को पुलकित आर्य, सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को दोषी करार दिया था। अदालत ने तीनों को हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इसके साथ ही मामले से जुड़ी अन्य धाराओं में भी अलग-अलग सजाएं और जुर्माने का प्रावधान किया गया था। निचली अदालत के फैसले के खिलाफ तीनों दोषियों की ओर से नैनीताल हाईकोर्ट में अपील दाखिल की गई है। इसी अपील के लंबित रहने के दौरान तीनों ने जमानत के लिए भी हाईकोर्ट का रुख किया है।

### सितम्बर 2022 में हुआ था अंकिता हत्याकाण्ड

अंकिता भंडारी हत्याकांड सितंबर 2022 में सामने आया था। अंकिता ऋषिकेश के पास स्थित वनंत्रा रिजॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट के रूप में काम करती थी, वह 18 सितंबर 2022 को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई थी। इसके बाद उसकी तलाश शुरू हुई और 24 सितंबर 2022 को उसका शव चीला क्षेत्र की नहर से बरामद किया गया था। जांच के दौरान रिजॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य तथा रिजॉर्ट से जुड़े दो अन्य कर्मचारियों सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को आरोपी बनाया गया। मामले ने पूरे उत्तराखंड में व्यापक जनाक्रोश पैदा किया और अंकिता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर लंबे समय तक प्रदर्शन भी हुए।

TATA MOTORS | Better Always
COMMERCIAL VEHICLES
TATA
INTRA V30 GOLD PICKUP




APPLY FOR VACANCY

- Sales Executives : 2 (Bijnor, Dhampur)
- Receptionist (Female) : 1 (Bijnor)
- Mechanic / Electrician : 2 (Bijnor)
- Cashier : 1 (Bijnor)

Contact - hr.cnsmotors@gmail.com, Ph: 7055501562

CNS Motors Pvt. Ltd. (TATA Motors CV Dealer)
Address: NH-119, Kiratpur Road, Pedda, Bijnor
Branches: Najibabad, Dhampur, Joya (Amroha)
Phone : 8484932387, 8476001007

# सिंचाई संघ की बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं पर मंथन

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर 21 अगस्त को पेंशन तिरंगा यात्रा



**बिजनौर ( चिंगारी )।** सिंचाई विभाग स्थित फील्ड हॉस्टल में सिंचाई संघ की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष शूरवीर सिंह की अध्यक्षता और जिला उपसचिव अंकित चौधरी के संचालन में आयोजित हुई। बैठक में सींचपाल एवं सींच पर्यवेक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला संरक्षक देशराज सिंह, अटेवा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष धीरज कुमार तथा जिला मंत्री क्रांति कुमार शर्मा ने आगामी 21 अगस्त को पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर अटेवा के प्रांतीय आह्वान पर आयोजित होने वाली पेंशन तिरंगा यात्रा में शिक्षकों एवं कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया।

वक्ताओं ने कहा कि यह समय संगठित होकर संघर्ष करने का है। यदि शिक्षक और कर्मचारी एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करेंगे तो निश्चित रूप से इसके सुखद परिणाम सामने आएंगे। इस दौरान सिंचाई संघ के जिलाध्यक्ष शूरवीर सिंह ने अटेवा के आंदोलन को समर्थन पत्र सौंपा। बैठक के बाद देशराज सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने अधिशासी अभियंता विकास अग्रवाल से मुलाकात कर सींचपाल एवं सींच पर्यवेक्षकों की मांगों और समस्याओं पर वार्ता की। अधिशासी अभियंता ने समस्याओं पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। बैठक में अटेवा जिला आईटी सेल प्रभारी नीरज सिसौदिया, हल्दौर ब्लॉक अध्यक्ष मुजफ्फर इस्लाम, देवेंद्र कुमार शर्मा, चंद्रपाल सिंह, कृष्ण कुमार, दिलीप सिंह, अभिनय राजपूत, गगन गुप्ता, राजकुमार, अंकित कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# कांवड़ यात्रा मार्गों पर 810 सफाईकर्मियों की तैनाती

**बिजनौर ( चिंगारी )।** श्रावण कांवड़ यात्रा-2026 को लेकर जिला प्रशासन ने शिवभक्तों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देश पर पंचायती राज विभाग द्वारा कांवड़ मार्गों पर स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और जनसुविधाओं की लगातार निगरानी की जा रही है।

जिला पंचायत राज अधिकारी प्रीतम सिंह ने बताया कि कांवड़ मार्गों की नियमित साफ-सफाई के लिए 810 सफाईकर्मियों को तैनात किया गया है, जबकि प्रमुख कांवड़ शिविरों में 367 अतिरिक्त सफाईकर्मी लगाए गए हैं। प्रत्येक सेक्टर में ग्राम सचिवों को नोडल अधिकारी बनाकर सफाई व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग कराई जा रही है।

मार्गों से कूड़ा उठाने के लिए 166 ई-रिक्शा तथा प्रमुख स्थानों पर 195 बड़े कूड़ेदान लगाए गए हैं। इसके अलावा 166 ग्राम पंचायतों में 465 हैंडपंप, 43 सामुदायिक शौचालय और 54 अन्य शौचालय पूरी तरह क्रियाशील रखे गए हैं।

**166 ई-रिक्शा और 195 बड़े कूड़ेदानों से की सफाई व्यवस्था, 465 हैंडपंप व 97 शौचालय रखे गए क्रियाशील**

कांवड़ मार्गों पर सड़क किनारे जमा कूड़े-कचरे को जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से हटाया जा रहा है। झाड़ियों की कटाई, विशेष सफाई अभियान, विद्युत प्रकाश व्यवस्था को मजबूत करने, सूचना एवं दिशा-निर्देशक बोर्ड लगाने तथा सार्वजनिक स्थलों पर डस्टबिन उपलब्ध कराने का कार्य भी युद्धस्तर पर चल रहा है। प्रमुख कांवड़ शिविरों और ग्राम पंचायतों में अधिकारियों द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जा रहे हैं। यात्रा के दौरान प्रत्येक शिवभक्त को स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित यात्रा अनुभव उपलब्ध कराना है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं और व्यवस्थाओं की लगातार समीक्षा की जा रही है।

# खेड़की निवासी सिपाही ने लखनऊ में फांसी लगाकर जान दी



**चांदपुर ( चिंगारी )।** लखनऊ के गोमतीनगर थाने में तैनात सिपाही आकाश यादव के फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने की खबर से उसके घर में कोहराम मच गया तथा परिजन शव लेने के लिए लखनऊ रवाना हो गए। क्षेत्र के ग्राम खेड़की निवासी आकाश यादव पुत्र अनिल यादव 2019 बैच के थे तथा वर्तमान में गोमतीनगर थाने में तैनात थे। बताया जाता है कि रविवार की शाम को सिपाही आकाश यादव ने पंखे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। आकाश यादव ने आत्महत्या क्यों की इस बारे में जानकारी नहीं हो सकी।

# शिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़


झारखंडी मंदिर खारी पर जल चढ़ाने के लिये लगी लाइन।


झारखंडी मंदिर खारी के शिवलिंग पर जल चढ़ाते श्रद्धालु।

**बिजनौर ( चिंगारी )**। सावन की शिवरात्रि के अवसर पर मंगलवार को बारिश के बीच जिलेभर के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही शिव भक्तों ने मंदिरों में पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। बारिश भी श्रद्धालुओं की आस्था को डिगा नहीं सकी। हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर पहुंचे कांवड़ियों ने भी विभिन्न शिवालयों में भगवान शिव का गंगाजल से अभिषेक किया। शहर की साकेत कॉलोनी, ज्ञान विहार कॉलोनी, झारखंडी शिव मंदिर खारी, काली माता मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने बेलपत्र, दूध, गंगाजल, पुष्प आदि अर्पित कर भगवान भोलेनाथ की पूजा की। शिवरात्रि के चलते कई मंदिरों में विशेष सजावट और धार्मिक आयोजन भी किए गए। मंदिर परिसरों और आसपास के क्षेत्रों में डीजे पर भोलेनाथ के भजनों की गूंज सुनाई देती रही। भजनों की धुन पर श्रद्धालु और कांवड़िए झूमते नजर आए। पूरे शहर में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से माहौल शिवमय बना रहा।

## भक्तों ने शिवालयों में भगवान शिव का जलाभिषेक किया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। महादेव को समर्पित पवित्र सावन मास के द्वितीय सोमवार को नगर के विभिन्न शिवालयों में भक्तों की भीड़ लग गई। मानों जैसे आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा हो।



भक्तों ने भगवान शिव की पूजा अर्चना के लिए विशेष तैयारियां की थीं। भक्त अपने-अपने घरों से गंगा जल, दूध, दही, घी, शहद, शक्कर, चंदन, फल, बेलपत्र, धतूरा, भांग व अन्य पूजा सामग्री लेकर शिवालयों में पहुंचे और भगवान शिव का जलाभिषेक किया। 'हर-हर महादेव' व ओम नम: शिवाय के जयकारों से नगर के सभी मंदिर गूंज उठे। नगर के सुराही बाजार स्थित प्रजापति शिव मंदिर में ब्रह्म मुहूर्त में प्रत्येक दिन चल रहे रुद्राभिषेक में भारी संख्या में शिव भक्तों ने भाग लिया। वेद पाठी पंडित मयंक भारद्वाज द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना एवं रुद्राभिषेक संपन्न कराया गया। महाआरती उपरांत सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि श्रावण मास के दौरान भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा अर्चना करने से भक्तों को विशेष फल मिलता है और उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।






# पवित्र सावन मास और कांवड़ यात्रा शिवभक्ति का प्रतीक है

**-अश्मनी विश्नोई जाखड़**

कांवड़ यात्रा की मान्यता भगवान शिव के प्रति अटूट श्रद्धा, तपस्या और शिव-भक्ति का प्रतीक है। पवित्र सावन मास चल रहा है, जिसमें शिवभक्त पवित्र गंगाजल लाकर अपने आराध्य देव भगवान शंकर का जलाभिषेक करते हैं। मान्यताओं के अनुसार पहली कांवड़ यात्रा भगवान परशुराम जी द्वारा गढ़मुक्तेश्वर से गंगाजल लाकर पुरामहादेव का जलाभिषेक कर सम्पन्न की गयी थी, तभी से शिवभक्त कांवड़ यात्रा कर अपने आराध्य का जलाभिषेक करते हैं। इस यात्रा में शामिल होने वाले कांवड़िये गेरूआ वस्त्र धाराण करते हैं और कठिन तपस्या करते हुए मीलों का सफर पैदल पूरा करते हैं। बह्मचर्य का पालन करते हुए सात्विक शाकाहारी भोजन करते हैं। कांवड़ के चार मुख्य प्रकार हैं। बैठी कांवड़, खड़ी कांवड़, झूला कांवड़ और डाक कांवड़। इनमें मुख्य अंतर यह है कि यात्रा के दौरान भक्त को विश्राम करने की अनुमति है या नहीं और कैसे, यही बात का निर्धारण करती है कि यह शारीरिक रूप से कितना कठिन होगा।

कांवड़ यात्रा के लिए कहा गया है कि



'धूपैदीपैस्तथा पुण्यै नैवेद्यै विविधैरपि। न: तुष्यति तथा शम्भुर्यथा कांवड़ वारिणी॥' अर्थात भगवान शिव धूप, दीप और विभिन्न प्रकार के नैवेद्य (भोग) से उतने प्रसन्न नहीं होते, जितना कि कांवड़ के जल (गंगाजल) से अभिषेक करने पर प्रसन्न होते हैं।

### शिवरात्रि को देवताओं ने किया था जलाभिषेक

मान्यताओं के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान सावन मास में ही विष निकला था जिसे शिव ने पिया। उनकी जलन शांत करने के लिए देवताओं ने जलाभिषेक किया था। इस दिन कांवड़िए गंगाजल लाकर शिवलिंग का जलाभिषेक करते हैं। मान्यता यह भी है कि जो लोग मन्नत मांगते हैं और मन्नत पूरी हो जाती है तो वह भी शिवरात्रि के दिन कांवड़ लाकर शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं।

### डाक कांवड़ का विशेष महत्व यह कठिन तपस्या है

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, सबसे पहली कांवड़ यात्रा और डाक कांवड़ परंपरा की शुरुआत लंका नरेश रावण द्वारा त्रेता युग में मानी जाती है। ऐसा कहा जाता है कि रावण ने ही सबसे पहले कांवड़ में गंगाजल भरकर लगातार बिना रुके यात्रा करते हुए भगवान शिव का जलाभिषेक किया था, लेकिन आधुनिकता के साथ-साथ डाक कांवड़ का महत्व भी बढ़ गया है। निश्चित समयावधि पर हरिद्वार से बिना रूके जल लाकर शिवलिंग पर चढ़ाया जाता है। एक टीम का गठन कर कांवड़िये निकलते हैं और बिना रूके निश्चित समयावधि पर मंजिल पर पहुंच जाते हैं। यह शिव की कठिन तपस्या में से एक रूप माना जाता है। मान्यता है कि शिव ही ऐसे देव हैं जो जल्द प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं।

### सेवा शिविर आयोजित कर पुण्य की प्राप्ति करते हैं लोग

**सावन में हरिद्वार से जल भरकर ला रहे शिवभक्तों की सेवा के लिए जगह-जगह शिविर आयोजित किये जाते हैं, जहां जलपान, विश्राम आदि की व्यवस्था होती है। लोगों का मनना है कि जो शिवभक्त जल लेकर आते हैं वह शिव का स्वरूप होते हैं उनकी सेवा करना शिव की सेवा करने जितना है। शिवभक्तों की सेवा करना पुण्य की प्राप्ति है।**

# श्रावण मास की महाशिवरात्रि पर शिवालयों में लगी श्रद्धालुओं की भीड़

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। श्रावण मास की महाशिवरात्रि पर शिवमंदिर स्थित शिवालयों पर श्रद्धालुओं की आज सुबह से ही भीड़ रही। शिवभक्तों ने आज सवेरे जल्दी उठकर घर पर पूजा अर्चना की। काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने क्षेत्र के मोटा महादेव मंदिर पर दूध, दही, घी, शहद, शक्कर व गंगाजल आदि से जलाभिषेक किया। पंचामृत से शिवलिंग को स्नान कराया। धूप दीप से भगवान शिव की आरती कर सुख समृद्धि की कामना की। बाबा भैरो का सोटा लगवाकर शिव के गण नंदी की पूजा की। मोटा महादेव मंदिर की मान्यता है कि भगवान शिव के दर्शन के बाद बाबा भैरो के दर्शन करना जरूरी होता है, अन्यथा भगवान शिव की यात्रा अधूरी मानी जाती है। मंदिर के पुजारी शशिनाथ ने श्रद्धालुओं को पूजा कराई। श्रद्धालुओं ने मोटा महादेव मंदिर सहित अपने गांव के शिवमंदिरो पर भी जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर अपने घर शिव चालीसा का पाठ भी किया। सुरक्षा दृष्टि से थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार क्षेत्र में गश्त कर व्यवस्थाओं को बनाने में लगे रहे। मोटा महादेव मंदिर पर पुलिस फोर्स तैनात रहा।



मोटा महादेव पर पुजारी शशिनाथ श्रद्धालुओं को पूजा कराते हुए।

## साहनपुर चौकी पुलिस ने शिवभक्तों को पानी पिलाया, भोजन कराया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद के साहनपुर चौकी प्रभारी कुलवीर सिंह ने अपनी टीम के साथ शिवभक्तों के लिये पानी की बोतल व कोल्डड्रिंक वितरित की। पुलिस परिवार द्वारा आयोजित किये गये शिविर मे शिव भक्तों को भोजन भी परोसा गया। पुलिस ने शिवभक्तों की सुरक्षा के साथ उनकी सेवा भी की। पुलिस के इस कार्य की क्षेत्र के लोगों ने प्रशंसा की।

## महाकाल भक्त मंडल परिवार ने रूद्राभिषेक किया

**नजीबाबाद (चिंगारी)। श्रावण मास की शिवरात्रि के अवसर पर महाकाल भक्त मंडल परिवार द्वारा सुराही बाजार स्थित प्रजापति शिव मंदिर पर प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में देवाधिदेव महादेव का विधि पूर्वक पूजा अर्चना एवं रुद्राभिषेक किया गया। इसके पश्चात महादेव का अलौकिक श्रृंगार किया गया। आरती उपरांत सभी शिव भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। महाकाल भक्त मंडल के संस्थापक अभिनव अग्रवाल एडवोकेट ने जानकारी देते हुए बताया कि आज सांय 7 बजे गीता भवन मंदिर के प्रांगण में एक शाम भोले के नाम भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सभी शिव भक्ति सपरिवार सादर आमंत्रित है। आरती उपरांत सभी भक्तों को प्रसाद में रुद्राक्ष वितरण भी किया जाएगा।**

## नजीबाबाद पुलिस ने 6 घंटे में ढूंढ निकाला कांवड़ियों का खोया मोबाइल

नजीबाबाद (चिंगारी)। श्रावण कांवड़ यात्रा के दौरान नजीबाबाद पुलिस ने तत्परता की मिसाल पेश की। हरिद्वार से डाक कांवड़ लेकर आ रहे कांवड़ियों का खोया मोबाइल महज 6 घंटे में बरामद कर लिया। हरिद्वार से डाक कांवड़ लेकर आ रहे कांवड़ियों ने थाना नजीबाबाद पर सूचना दी कि उनका मोबाइल फोन नजीबाबाद में कहीं गिर गया है। सूचना मिलते ही थाना नजीबाबाद चौकी साहनपुर प्रभारी कुलवीर सिंह ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। सर्विलांस सेल की मदद से पुलिस टीम ने मोबाइल को ट्रेस कर 6 घंटे के अंदर ढूंढ निकाला तथा शिकायतकर्ता कांवड़ियों के सुपुर्द कर दिया। कांवड़ियों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।



## एसपी ने परिवार सहित मोटा महादेव पर किया जलाभिषेक

**मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। श्रावण मास की महाशिवरात्रि पर्व पर अर्द्धरात्रि में एसपी अभिषेक झा ने मोटा महादेव मंदिर पहुंचकर अपने परिवार सहित शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। मंदिर के पुजारी शशिनाथ ने मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कराई। इस मौके पर एसपी ने मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं को परखा। उन्होंने कांवड़ मार्ग पर कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।**

## डीएम-एसपी व भाजपा नेताओं ने कांवड़ियों को फल वितरित किये



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के भागूवाला यूपी-उत्तराखंड बॉर्डर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शिवभक्त कांवड़ियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नहटौर विधायक ओमकुमार, डीएम जसजीत कौर, एसपी अभिषेक झा, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी आदि ने पहले यूपी उत्तराखंड बॉर्डर पर हरिद्वार से चलकर आने वाले शिवभक्त कांवड़ियों का स्वागत करते हुए पुष्पवर्षा की। इसके बाद मोटा महादेव मंदिर पर कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा से स्वागत कर उन्हें फल व खाद सामग्री वितरित की। भागूवाला में बुलडोजर पर चढ़कर कार्यकर्ताओं ने कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की। विधायक ओमकुमार ने कांवड़ियों से उनका हालचाल जानकर उनकी यात्रा एवं सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। कावड़ियों ने हर हर महादेव, जय श्री राम के जयकारे लगाए, जिससे माहौल भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में एसपी यातायात गौतम राय, एएसपी डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह, सीओ आकांक्षा गौतम, एसडीएम शैलेंद्र कुमार, तहसीलदार संतोष यादव, नायब तहसीलदार अमित कुमार, थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार, भाजपा नेत्री लीना सिंघल, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, ईशम सिंह, कमल सैनी, राजकुमार प्रजापति, अनुज चौधरी, सचिन देशवाल, अमन विश्नोई, शिवम चौहान, लवी अग्रवाल, सरदार गुरपाल सिंह, वीरेंद्र शर्मा, बलराज त्यागी, वरुण आत्रेय, चमन सिंह, ओमकार सिंह, नीरज सिंह सहित भाजपा पदाधिकारी व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## किसान सभा ने मांगों को लेकर ज्ञापन दिया



नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने केंद्र व प्रदेश की सरकार द्वारा जनता, किसान, मजदूरों के शोषण के विरोध में महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसील पहुंचकर एसडीएम के स्टेनो को सौंपा। ज्ञापन में न्यूनतम मजदूरी 26 हजार करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य स्वामीनाथन कमीशन के अनुसार लागू करने, फसल खरीद की कानूनी गारंटी देने, सभी किसानों को कर्जा मुक्त करने, मुख्य व्यापार समझौता रद्द करने, मनरेगा बहाल करने, चारो श्रम सहिताएं वापिस लेने, अन्यायपूर्ण भूमि अधिग्रहण पर रोक लगाने, महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, स्मार्ट मीटर, बिजली निजीकरण पर रोक लगाने, साम्प्रदायिकता पर अंकुश लगाने, अल्पसंख्यकों, महिलाओं, दलितों का उत्पीड़न बंद कराने, सभी परीक्षाओं में पारदर्शिता व पेपर लीक की जांच कर दोषियों को सजा दिलाने, गैस, पेट्रोल, डीजल के दाम कम करने, नदियों की बाढ़ रोकने का स्थायी प्रबंध करने, खाद-बीज पर सब्सिडी बढ़ाने आदि की मांगें की गई। ज्ञापन देने वालों में का. खुर्शीद शेख, का. इसरार अहमद, का. उस्मान, का. आदेश कुमार, नदीम अहमद आदि मौजूद रहे।

## नशा मुक्त भारत अभियान व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाने का अभियान है: शालू बहन

नजीबाबाद (चिंगारी)। ब्रह्माकुमारी शालू बहन ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ के आध्यात्मिक दृष्टिकोण से नशा मुक्त भारत अभियान केवल नशे की वस्तु छोड़ने का अभियान नहीं, बल्कि मन, बुद्धि व संस्कारों को शक्तिशाली बनाकर व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाने का अभियान है। वीर सिंह सहरावत भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति उत्तराखंड के प्रभारी ने कहा कि नशा अक्सर व्यक्ति को थोड़े समय के लिए तनाव, चिंता या परेशानी से दूर करने का भ्रम देता है, लेकिन धीरे-धीरे वह शरीर, मन, परिवार और समाज पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। मोनिका चौधरी भारतीय किसान यूनियन महिला अध्यक्ष ने कहा हमें यह अनुभव कराना होगा कि मेरे अंदर नशे से कहीं अधिक शक्ति व आनंद मौजूद है। ब्रह्माकुमारीज़ की राजयोग मेडिटेशन की दृष्टि से व्यक्ति स्वयं को केवल शरीर नहीं, बल्कि शांत, शक्तिशाली आत्मा के रूप में अनुभव करता है। जब मन को सकारात्मक विचार, श्रेष्ठ संगति व आध्यात्मिक शक्ति मिलती है, तो नशे की आदत से बाहर आने की प्रेरणा मजबूत हो सकती है। इस कार्यक्रम में सभी भाई बहनों ने प्रतिज्ञा ली कि हम सभी नशा मुक्त रहेंगे और अन्य सभी को भी नशा मुक्त बनाने का प्रयत्न करेंगे। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति जिला प्रभारी रीना शर्मा, ब्लाक अध्यक्ष, फूल माला आदि सम्मिलित रहे।

## घायल अवस्था में घूम रहे नंदी का उपचार कराने की मांग की

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद रेलवे स्टेशन के नजदीक एक नंदी महाराज पिछले कई दिनों से गंभीर रूप से घायल अवस्था में उपचार का इंतजार कर रहे हैं। नंदी के पूंछ वाले हिस्से में गहरा जख्म बताया जा रहा है, जिससे खून निकलने के साथ ही घाव से दुर्गंध भी आ रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार समय रहते संबंधित पशु चिकित्सा विभाग को सूचना दिए जाने के बावजूद अभी तक नंदी को न तो सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया और न ही उसका समुचित उपचार कराया गया। शिकायतकर्ता के अनुसार नंदी महाराज की गंभीर हालत की सूचना करीब एक सप्ताह पहले नजीबाबाद के उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. समंत मनोहर को दी गई थी। आरोप है कि उस समय अधिकारियों की ओर से यह कहकर मामले से पल्ला झाड़ लिया गया कि सभी जूनियर डॉक्टर फील्ड में गए हुए हैं। इसके बाद भी नंदी के उपचार के लिए तत्काल कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। शनिवार देर रात नंदी महाराज की हालत की दोबारा सूचना मिलने पर स्थानीय स्तर पर तत्काल प्राथमिक उपचार किया गया। घाव पर दवा लगाकर स्प्रे किया गया। इसके बाद मामले की सूचना डॉ. समंत मनोहर को दी गई। शिकायतकर्ता के अनुसार सूचना मिलने पर डॉक्टर की ओर से एक असिस्टेंट को मौके पर भेजा गया, लेकिन उसने यह कहते हुए उपचार करने से इनकार कर दिया कि वह अकेला है और नंदी को गौशाला भिजवाया जाए।

## सूचना

पहले मेरे पुत्र का नाम गुप्त दिल था। अब मैंने अपने पुत्र का नाम बदलकर सूर्या गिरि कर दिया है। भविष्य में मेरे पुत्र को सूर्या गिरि के नाम से ही जाना व पहचाना जाए। मेरे पुत्र सूर्या गिरि की बीमा पॉलिसी संख्या-268982343 में भी उसका नाम गुप्त दिल के स्थान पर सूर्या गिरि अंकित कर लिया जाये।

**-श्रीमती स्वाति पत्नी श्री अर्जुन गिरि, निवासी मौहल्ला मुगलूशाह, नजीबाबाद, जिला बिजनौर।**

# ब्लॉक प्रमुख द्वारा आयोजित शिविर में डीएम, एसपी ने भी की सेवा



कांवड़ती सेवा शिविर में मौजूद डीएम, एसपी, विधायक, ब्लॉक प्रमुख आदि

**नांगल सोती (चिंगारी)।** ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल द्वारा भागूवाला-मोटा महादेव कांवड़ मार्ग पर अपने पैतृक गांव हुकूमतपुर केशो उर्फ गांवड़ी के सामने कांवड़ियों की सेवा हेतु श्रावण मास के पहले दिन से सेवा शिविर, भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में स्थानीय नागरिकों द्वारा कांवड़ियों की खूब सेवा की जा रही है। सोमवार को जिलाधिकारी जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, नहटौर विधायक ओम कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान बॉबी भी शिविर में पहुंचे तथा कांवड़ियों को खाना खिलाकर उनकी सेवा की। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि जब तक उक्त मार्ग से कांवड़िये आते रहेंगे, तब तक सेवा शिविर, भंडारा चलता रहेगा। भाजपा के ग्रामीण मंडलों के अध्यक्ष भूपेन्द्र राजपूत, वरुण आत्रेय एवं कमल सैनी, नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल तथा कई भाजपा नेता, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिवलिंग पर जलाभिषेक किया



शिव मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की लाइन

**नांगल सोती (चिंगारी)।** आज श्रावण की शिवरात्रि के पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिवालयों में जाकर शिव आराधना की। शिवलिंग का जलाभिषेक कर पंचामृत अर्पित किया। कल श्रावण के दूसरे सोमवार के अवसर पर भी शिवालयों में खूब भीड़ उमड़ी थी। यहां थाने के सामने स्थित शिवालय में घंटों श्रद्धालुओं की लाइन लगी रही। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग का जलाभिषेक कर पंचामृत (दूध, दही, घी, शक्कर और शहद) अर्पित किया। कुछ श्रद्धालुओं ने चंदन का लेप कर अक्षत (चावल), बेलपत्र, धतूरा, आक के फूल, शमी पत्र, भस्म आदि भी अर्पित की। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ से सुख, शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना की। श्रद्धालुओं ने व्रत-उपवास भी रखे। नांगल के अन्य शिवालयों तथा क्षेत्र के सभी गांवों के शिवालयों में भी जाकर शिवभक्तों ने भगवान शिव की आराधना की।

# कोतवाली में डेयरी से पनीर के नमूने लिये



**कोतवाली देहात (चिंगारी)।** स्थानीय बाजार की एक दुग्ध डेयरी पर कथित नकली पनीर की बिक्री होने की शिकायत मिलने के बाद सोमवार को खाद्य विभाग की टीम ने डेयरी पर पहुंचकर पनीर के नमूने भरे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीके वर्मा एवं नरेश कुमार ने पनीर के सैंपल जांच लिए भेज दिए।

बताया गया कि अमन डेयरी से एक व्यक्ति द्वारा खरीदा गया पनीर में कड़वापन महसूस होने पर उन्होंने खाद्य विभाग से शिकायत की। शिकायत का संज्ञान लेते हुए विभागीय टीम मौके पर पहुंची और पनीर के नमूने लेकर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजने की कार्यवाही की।

खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सीधे आम लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ी है। ऐसे में यदि किसी खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता को लेकर शिकायत सामने आती है तो मामला बेहद गंभीर हो जाता है। लोगों का कहना है कि पनीर अथवा अन्य खाद्य पदार्थ बेचने वाले किसी भी कारोबारी को उपभोक्ताओं की जिंदगी और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

क्षेत्र में संचालित होने वाली अनेक दुकानों पर मिलावटी/दूषित दूध, पनीर धड़ल्ले से बिक रहा है। आगामी त्यौहारों के मद्देनजर मिठाई विक्रेताओं ने रेडीमेड रसगुल्ला, मिल्क केक आदि के स्टॉक जमा कर रखे हैं। लेकिन खाद्य विभाग की उदासीनता के चलते नकली मिठाइयां बिक रही हैं। इस संबंध में खाद्य अधकारी का कहना पनीर के नमूनों की प्रयोगशाला जांच रिपोर्ट के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। जांच में नमूना खाद्य सुरक्षा मानकों पर खरा नहीं उतरता या किसी प्रकार की मिलावट/गुणवत्ता संबंधी अनियमितता सामने आती है, तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी।

# श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा



**चांदपुर (चिंगारी)।** सावन की शिवरात्रि पर बाबा झारखंड शिव मंदिर स्याऊ में हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। बाबा झारखंड शिव मंदिर स्याऊ में रात्रि में 12 बजे के बाद से ही श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक करना शुरू कर दिया गया था। जलाभिषेक करने के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी।

# अर्द्धनिर्मित ओवर टैंक से गिरकर युवक की मौत

**नांगल सोती (चिंगारी)।** क्षेत्र के ग्राम गौसपुर निवासी पीतम उर्फ भूरे (28 वर्ष) पुत्र राजेन्द्र सिंह, कल देर रात्रि गांव के अंतिम छोर पर बन रहे ओवरहेड टैंक (पानी की टंकी) पर गया था। जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य चल रहा है। बताया जाता है कि वह टैंक की सीढ़ियों से ऊपर चढ़ गया और फिर असावधानीवश नीचे गिर पड़ा। नीचे गिरने से उसकी मौत हो गई। सुबह को जब वह घर पर नहीं दिखा, तो उसके परिजन उसे ढूंढते हुए ओवरहेड टैंक पर पहुंचे। रात को वह अक्सर वहां चला जाया करता था। परिजन वहां पहुंचे, तो उसका शव वहां पड़ा हुआ था। बताया जाता है कि युवक शराब पीने का आदी था तथा गत रात्रि भी वह शराब के नशे में था। परिजनों ने कोई कार्यवाही नहीं की और उसके शव का अंतिम संस्कार कर दिया। घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चायें हैं।

# सपा ने मनाई फूलन देवी की जयंती



**बिजनौर (चिंगारी)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर सोमवार को जिला सपा कार्यालय पर वीरांगना एवं पूर्व सांसद फूलन देवी की जयंती मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जीवन, संघर्ष और सामाजिक योगदान को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हनी फैसल ने की, जबकि संचालन पार्टी प्रवक्ता अखलाक पप्पू ने किया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष हनी फैसल ने कहा कि फूलन देवी ने विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष करते हुए वंचित, शोषित और कमजोर वर्गों की आवाज को मजबूती दी। कार्यक्रम में डॉ. रमेश तोमर, मदनलाल सैनी, प्रभा चौधरी, सतपाल सिंह, महमूद क़स्सार, डॉ. योगेंद्र चौधरी, अशोक गहलोत, प्रमोद प्रधान, मनोज राजपूत, सीमा शेख, जाहिद प्रधान, सरफराज अहमद, नमन प्रधान, अशोक आर्य, सुरेंद्र वाल्मीकि, अंकुर सैनी, अहमद खिजर खान सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सहायक अभियंता की सड़क हादसे में मौत

## सुबह टहलने निकले थे बाइक ने मार दी टक्कर

**देहरादून (चिंगारी)।** राजधानी देहरादून में सड़क हादसे में मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) के सहायक अभियंता की मौत हो गई। हादसा विधानसभा रोड पर हुआ, जहां सुबह टहलने के लिए निकले एमडीडीए के एई सिविल राजेंद्र को एक बाइक ने टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार, राजेंद्र एमडीडीए में सहायक अभियंता (एई सिविल) के पद पर तैनात थे। आज सुबह वह रोज की तरह वॉक करने के लिए विधानसभा रोड की ओर गए थे। इसी दौरान सड़क पर तेज गति से आ रही एक बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने घायल राजेंद्र को सड़क से उठाया और उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, उनकी हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके। हादसे में उनकी मौत हो गई।

राजेंद्र की मौत की खबर से एमडीडीए कार्यालय में शोक की लहर है। सहकर्मियों ने उनके निधन पर दुख जताया। पुलिस हादसे की पूरी परिस्थितियों की जांच कर रही है और प्रत्यक्षदर्शियों से भी जानकारी ली जा रही है। विधानसभा रोड जैसे व्यस्त मार्ग पर सुबह हुए इस हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहनों को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल पुलिस की जांच के बाद ही हादसे की पूरी वजह और बाइक सवार की भूमिका स्पष्ट हो सकेगी।

# चंपावत में गीता धामी ने गिनाई सरकार की उपलधियां

## लैंड जिहाद और धर्मांतरण का मुद्दा भी उठाया

**चंपावत ( चिंगारी )।** उत्तराखंड में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज होने लगी हैं। इसी बीच चंपावत में आयोजित सावन उत्सव कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पत्नी गीता धामी ने प्रदेश सरकार के कामकाज और नीतियों का जिक्र किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए समान अधिकार, यूसीसी, भूमि अतिक्रमण, सत्यापन अभियान और धर्मांतरण जैसे मुद्दों पर सरकार की ओर से किए जा रहे कार्यों को सामने रखा।

सेवा संकल्प फाउंडेशन की ओर से चंपावत में सावन उत्सव-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान गीता धामी ने राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं और फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार उत्तराखंड को सुरक्षित और बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रही है। चंपावत में सावन उत्सव के आयोजन की पुष्टि स्थानीय रिपोर्टों में भी हुई है।

महिलाओं को संबोधित करते हुए गीता धामी ने कहा कि समाज में


गीता धामी

नियम और कानूनों का होना जरूरी है। उन्होंने समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी का जिक्र करते हुए कहा कि इसके माध्यम से राज्य सरकार ने बेटियों और महिलाओं को समान अधिकार देने की दिशा में काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों का उद्देश्य प्रदेश में कानून व्यवस्था को मजबूत करना और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करना है।

गीता धामी ने अपने संबोधन में लैंड जिहाद के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने दावा किया कि उत्तराखंड में बड़ी मात्रा में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे किए गए थे और सरकार ने ऐसी जमीनों को अतिक्रमण से मुक्त कराने की कार्रवाई की है।

### आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित उत्तराखंड का संदेश

**गीता धामी ने कहा कि आम लोग अपने दैनिक कामकाज में व्यस्त रहते हैं, ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी है कि वह प्रदेश की सुरक्षा, कानून व्यवस्था और विकास से जुड़े मुद्दों पर लगातार काम करे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार उत्तराखंड को सुरक्षित और बेहतर बनाने के लिए काम कर रही है। उनका कहना था कि सरकार की कोशिश है कि आने वाली पीढ़ियों को ऐसा उत्तराखंड मिले, जहां विकास के साथ-साथ प्रदेश की संस्कृति और पहचान भी सुरक्षित रहे।**




# कैनोइंग नेशनल लीग में दिव्या ने जीता गोल्ड मेडल

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भोपाल के छोटा तालाब में 8 से 10 अगस्त अस्मिता कयाकिंग और कैनोइंग नेशनल लीग में जनपद के ग्राम अथाई निवासी सशस्त्र सुरक्षा बल के सब इंस्पेक्टर यशवीर सिंह की पुत्री दिव्या यादव ने उत्तर प्रदेश की तरफ से खेलते हुए सब जूनियर कैनोइंग में सी1-1000, मीटर्स में गोल्ड मेडल जीता और जूनियर वर्ग की सी1-500 में सिल्वर मेडल जीता। प्रतियोगिता का उद्घाटन मध्य प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग द्वारा किया गया एवं पुरस्कार वितरण खेल एवं युवा कल्याण विभाग की डायरेक्टर श्रीमती तनुजा सलाम



द्वारा किया गया।

इससे पूर्व जून में हुई राष्ट्रीय क्याकिंग प्रतियोगिता में भी दिव्या एक गोल्ड व चार सिल्वर जीत चुकी है। दिव्या यादव सांई द्वारा भोपाल में चलाये जा रहे कैम्प में संजीव लोहकर क्याकिंग का प्रशिक्षण ले रही है।

दिव्या की इस सफलता से पूरे परिवार व ग्राम अथाई में खुशी की लहर है। विवेकानन्द दिव्य भारती उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष योगेन्द्र पाल सिंह योगी ने दिव्या की इस दोहरी सफलता पर शुभकामनाएं दी हैं और आशा व्यक्त की है कि दिव्या इसी प्रकार का प्रदर्शन सीनियर व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर कर जनपद और देश का नाम रोशन करेगी।

# कई गांवों में हुआ कलश वंदन कार्यक्रम

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** भाजपा द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर समरसता संकल्प अभियान के तहत किरतपुर ग्रामीण मंडल में कलश वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुरु रविदास की जन्मस्थली की मिट्टी से युक्त वंदना कलश का गुनियापुर, बेगमपुर शादी, गनोरा, कुम्हैड़ा गांव स्थित रविदास मंदिरों में श्रद्धापूर्वक स्वागत और वंदन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष पूर्व कोतवाली ब्लॉक प्रमुख कोतवाली देहात चौधरी फूल सिंह ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास ने यह सिद्ध किया कि व्यक्ति जन्म से नहीं कर्म से महान होता है। उन्होंने समता मूलक समाज की स्थापना के लिए प्रयास किया। हमें उनकी बताई नीतियों को जीवन में अनुसरण करना



चाहिए। इस दौरान राजीव अग्रवाल, अनूप बल्मीकि, रजनी कालरा, बलराज त्यागी, जितेंद्र मलिक, मनोज बालियान, दयानंद शर्मा, अवनीश निर्वाल, देवेंद्र सिंह तोमर, सोनू कुमार, विक्रांत देशवाल, सुभाष रजवंशी, आकाशदीप आदि भाजपा कर्यकर्ता मौजूद रहे।

# साम्प्रदायिक सौहार्द का प्रतीक बना पत्रकारों द्वारा आयोजित शिविर

**सहारनपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिला इकाई के तत्वावधान में कांवड़ तीर्थ यात्रियों की सेवा के लिए शिविर का आयोजन कर उन्हें शीतल पेय पदार्थ का वितरण किया गया। इस दौरान सभी ने निष्ठा के साथ सभी लोगों ने गंगाजल लेकर आ रहे शिव भक्तों की सेवा की।

रविवार की देर शाम सेवा शिविर का जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, महानगर उपाध्यक्ष प्रवीण वर्मा, संरक्षक सुधीर भारती, सुशील सूरी, उपवन ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिसुर रहमान सिद्दीकी, जिला संयोजक नफीस थानवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा ने कहा कि हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे शिव



भक्तों की सेवा करना ईश्वर भक्ति तुल्य है, क्योंकि यह शिव भक्त अटूट आस्था और भक्ति में लीन होकर भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। जिला संयोजक नफीस थानवी, महानगर उपाध्यक्ष प्रवीण वर्मा, उपवन ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिसुर रहमान सिद्दीकी, संरक्षक सुधीर भारती ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह शिविर हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक है, जिसमें दोनों वर्गों के लोग पूरी आस्था के साथ शिव भक्तों की सेवा करते हैं।

इस अवसर पर निसार सिद्दीकी, सतबीर सिंह मान, डॉ. गुलशेर अली, सुरेंद्र भगति, सचिन गोयल, राहुल जैन, मोहम्मद इस्लाम, रमन गुप्ता, हरिओम सैनी, सुधीर कुमार, रियासत खान, नौशाद शाह, फहीम थानवी, मोहम्मद आरिफ, शाहिद राणा, श्रीमती बीना शर्मा, गायत्री शर्मा, श्रीमती सोनिया, श्रीमती भावना, हिमानी, हर्ष कुमार, प्रभास भारती, मनीष गुप्ता, निशांत गुप्ता आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने बारिश में किया कांवड़ मार्गों का स्थलीय निरीक्षण




**मुजफ्फरनगर ( चिंगारी )।** श्रावण मास कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत जनपद मुजफ्फरनगर में हुई भारी वर्षा के कारण कुछ स्थानों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा कांवड़ यात्रा मार्गों एवं जलभराव वाले स्थानों का स्थलीय निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया गया। अधिकारीगण द्वारा मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तत्काल आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निर्देशों के क्रम में अत्याधुनिक मशीनों की सहायता से जलभराव वाले स्थानों से पानी की निकासी का कार्य युद्धस्तर पर कराया गया, जिससे कांवड़ियों के आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही कांवड़ यात्रा को सकुशल, सुरक्षित एवं सुचारु रूप से संचालित कराया जा रहा है। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी/कर्मचारी लगातार कांवड़ यात्रा मार्गों पर मौजूद रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं तथा कांवड़ियों की सुविधा एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। अधिकारीगण द्वारा शिव चौक स्थित कांवड़ कंट्रोल रूम पहुंचकर वहां स्थापित सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से कांवड़ यात्रा मार्गों एवं प्रमुख स्थानों की स्थिति का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# जेनेसिस स्कूल में हैंडलूम पर हुआ भव्य कार्यक्रम



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** जसपुर रोड स्थित जेनेसिस स्कूल में भारतीय हथकरघा कला और पारंपरिक दस्तकारी को आधुनिक फैशन इंडस्ट्री से जोड़ने के उद्देश्य से 'हैंडलूम टू फैशन इंडस्ट्री' विषय पर विशेष गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लेते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा और प्रस्तुतीकरण कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से भारतीय हथकरघा उद्योग के इतिहास, पारंपरिक कपड़ों, बुनाई की विभिन्न प्रक्रियाओं तथा हथकरघा से आधुनिक फैशन इंडस्ट्री तक के सफर को विस्तार से पेश किया। साथ ही यह भी बताया कि बदलते दौर में हथकरघा उद्योग ने किस तरह आधुनिक फैशन जगत में अपनी जगह बनाई है। इस दौरान विद्यार्थियों ने भारतीय हथकरघा कला के संरक्षण, स्थानीय बुनकरों एवं कारीगरों के योगदान तथा स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की जरूरत पर भी प्रकाश डाला। गतिविधि में रोनक, हरदीप, रितिका, रणदीप, पलकप्रीत, कुणाल, गीतांशी और तन्मय ने सक्रिय रूप से भाग लेते हुए विषय से संबंधित अपनी प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गजेंद्र चौधरी ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय हथकरघा हमारी संस्कृति और विरासत की पहचान है। विद्यालय के प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां विद्यार्थियों को किताबों में पढ़ाई जाने वाली जानकारी को व्यवहारिक रूप से समझने का अवसर प्रदान करती हैं।

# हॉस्पिटल पर लगाया कांवरती सेवा शिविर

**चांदपुर ( चिंगारी )।** शिवरात्रि पर नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डा मोहित चौधरी व उनके परिवार की ओर से कावरतियो की सेवा के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यहां नहटौर रोड स्थित रेलवे फाटक के नजदीक जीवन ज्योति मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल ट्रामा सेंटर की ओर से कांवरियों की सेवा के लिए शिविर का




आयोजन किया गया। शिविर में कांवरतियों के लिए भोजन, जलपान व दवाइयों आदि की समुचित व्यवस्था की गई थी। शिविर में डा. मोहित चौधरी, योगिता चौधरी, अंकित कुमार,जय कुमार आदि का सहयोग रहा।

# दुकान-दुकान जाकर झंडे बांटे



**चांदपुर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने कल 12 आगस्त को नगर में निकाले जाने वाली विशाल तिरंगा यात्रा की सफलता के लिए दुकान दुकान जाकर व्यापारियों को तिरंगा वितरित किए। भाजपा नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नगर के मेन बाजार में दुकान दुकान जाकर व्यापारियों से तिरंगा यात्रा को सफल बनाने में अपना सहयोग देने का आह्वान किया। इस अवसर पर आशु गोयल, रजनीश चौहान, रजत कुमार, जितेंद्र शर्मा, अमित गुप्ता, रोहन चौधरी, विपिन कुमार, शक्ति शर्मा, ओम प्रकाश सैनी, अमन अग्रवाल, दीपक त्यागी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक कमलेश सैनी ने खादर के बाढ़ पीड़ितों की समस्या सुनी



**चांदपुर ( चिंगारी )।** पूर्व विधायक श्रीमती कमलेश सैनी ने ट्रैक्टर से खादर क्षेत्र के बाढ़ग्रस्त गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा उनका समाधान कराये जाने का भरोसा दिलाया। कमलेश सैनी ने ग्राम नारनौर, दत्तियाना, मुंदापुरा, खद्दन में पहुंच कर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान कराये जाने के लिए अधिकारियों से बात की। उन्होंने कहा कि बाढ़ से फसलों की हुई हानि का उचित मुआवजा दिलाया जाएगा एवं बांध के निर्माण हेतु पुन: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर अवगत कराया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक के साथ मा. हरिराज सिंह, रवि धारीवाल, मीनू राजपूत, सचिन शर्मा, सौरभ त्यागी, दुष्यंत कुमार आदि भी रहे।

# किसान सभा ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

## अमेरिका से मुक्त व्यापार समझौता रद्द करने की मांग



**चांदपुर ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय किसान सभा ने जनता को शिक्षा व स्वास्थ्य निशुल्क उपलब्ध कराये जाने, अमेरिका से मुक्त व्यापार समझौता रद्द किये जाने सहित अनेक मांगों के सम्बन्ध में राष्ट्रपति व मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को 7 सूत्रीय ज्ञापन दिया। किसान सभा से जुड़े कार्यकर्ता तहसील पहुंचे, जहां का. तुलाराम की अध्यक्षता एवं का. मांगेराम सैनी के संचालन में आयोजित बैठक में किसानों को सभी फसलो को एम एस पी के दायरे में लाकर लागत का डेढ़ गुना दाम व कानूनी गारंटी दिये जाने, मनरेगा को बहाल कर मजदूरी 700 रूपये किये जाने, नये श्रम कानून को रद्द किये जाने, बिजली का निजीकरण न किये जाने व बिजली की दरें न बढ़ाये जाने, उर्वरको की किल्लत दूर किये जाने की मांग की गई। बैठक में का अमर सिंह सैनी, ऋषिपाल सिंह, मलखान सिंह, रमेश सिंह, रामप्रसाद, तुलाराम, जय सिंह, कौसर आदिल, बलजीत सिंह, कमला देवी, अकबर आदिल, दुलारी देवी, छोटे सिंह, बाबू खां, नरेन्द्र शर्मा, राम अवतार सिंह, कुलदीप गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम प्रिंस कुमार ने कल, कांवड़ियों को बांटे फल



शिवभक्तों को फल वितरित करते एसडीएम प्रिंस कुमार।

**नगीना ( चिंगारी )।** सावन के दूसरे सोमवार को जहां बड़ी संख्या में शिवभक्त कांवड़ लेकर अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे थे, वहीं प्रशासन भी कांवड़ियों की सुरक्षा के साथ उनकी सेवा में जुटा नजर आया। नगीना एसडीएम प्रिंस कुमार दिन-रात कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं और सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं। सोमवार को बूंदकी तिहाई पर एसडीएम प्रिंस कुमार ने कांवड़ियों को फल वितरित किए। अधिकारी को इस तरह सेवा करते देख कांवड़ियों में भी उत्साह नजर आया। एसडीएम ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान शिवभक्तों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। उन्होंने बताया कि कांवड़ मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ साफ-सफाई, पेयजल और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी लगातार नजर रखी जा रही है। अधिकारियों और कर्मचारियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि कांवड़ियों की हर संभव मदद की जाए। सुरक्षा की जिम्मेदारी के साथ सेवा का भाव-प्रशासन के इस मानवीय रूप ने कांवड़ यात्रा में श्रद्धा के साथ सेवा की भावना को भी मजबूत किया।

# शिवमय नज़र आया हीमपुर दीपा क्षेत्र, पुलिस ने किये सुरक्षा के विशेष इंतजाम



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )। श्रावण मास की शिवरात्रि के पावन पर्व पर हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र पूरी तरह शिवमय नजर आया। क्षेत्र के विभिन्न गांवों में स्थित शिव मंदिरों में सुबह से ही भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की तथा अपने परिवार, मित्रों एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।**

श्रावण मास में शिवरात्रि पर्व का विशेष महत्व होने के कारण श्रद्धालु सुबह से ही अपने-अपने नजदीकी शिवालयों में पहुंचने लगे। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने भगवान शिव को जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा, पुष्प आदि अर्पित कर विधि-विधान से पूजा की। कई मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं और अपनी बारी का इंतजार कर भक्तों ने भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र में शिव मंदिर सलेमपुर खादर, प्राचीन शिव मंदिर जोगीओंधा, शिव मंदिर सिसौना, गढ़ी देव आश्रम रौनिया, शिव मंदिर भवानी गंगरेन, शिव मंदिर राबटी तथा हीमपुर दीपा बस स्टैंड स्थित प्राचीन शिव मंदिर समेत करीब आठ प्रमुख स्थानों पर श्रद्धालुओं ने जल चढ़ाया। सुबह से शुरू हुआ जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना का सिलसिला दिनभर चलता रहा। शिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती। थाना क्षेत्र के सभी प्रमुख शिव मंदिरों एवं जलाभिषेक वाले स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिसकर्मी मंदिरों के आसपास भीड़ को नियंत्रित करने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था पर भी नजर बनाए हुये है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा



मंदिर पर मुस्तैद थाना प्रभारी व पुलिस अधिकारी।

के निर्देशों के अनुपालन में थाना प्रभारी निरीक्षक रवि करन सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली। थाना प्रभारी निरीक्षक रवि करण सिंह ने संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लगातार भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत मासा एग्रोस्टो कंपनी शाहपुरा लाल के पास बैरियर लगाकर पुलिस मोबाइल पार्टी तैनात की गई। इसके अलावा छाछरी मोड़, उलेढ़ा, राबटी, रौनिया, अकबरपुर और तिगरी सहित विभिन्न स्थानों पर बैरिकेडिंग कर पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## स्व. घासीराम सिंह के परिवार को सांत्वना दी



**छाछरी मोड ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव कुतुबपुर गढी के पूर्व प्रधान घासीराम सिंह की आकस्मिक मृत्यु का समाचार सुनकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने वालों का तांता लगा हुआ है। जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी सकेंद्र प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख विनोद कुमार राठी, झालू नगर पालिका के अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी, प्रधान जितेंद्र सिंह, प्रधान रिंकू सिंह, ओमवीर राणा, कालू सिंह, राहुल कुमार, भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष राकेश प्रधान, खिचड़ी वाले बाबा प्रताप दास, प्रधान राजकुमार, सतपाल नेताजी आदि ने घर पर पहुंच कर शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। पूर्व प्रधान स्वर्गीय घासीराम सिंह, पत्रकार मूलचंद चौधरी के बड़े भाई थे। वह बेहद मिलनसार व्यक्ति थे। उनके निधन से गांव व क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

## ठा. विवेक कुमार बने जिला संगठन मंत्री

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम बाकरपुर निवासी ठा. विवेक कुमार सुपुत्र मदनगोपाल राजपूत को जनशक्ति परिवर्तन मंच का जिला संगठन मंत्री मनोनीत किया गया है। ठा. विवेक कुमार का कहना है कि जनशक्ति परिवर्तन मंच का सपना है कि हर गरीब को संरक्षण और आरक्षण मिले, झूठे मुकदमे लिखवाने वालों को दंड मिले, तय समयसीमा के भीतर सरकारी कार्यवाही सम्पन्न हो और व्यक्ति को न्याय मिले, रिश्वतखोर-भ्रष्टाचारियों को आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान हो एवं संपत्ति जब्ती की कार्यवाही हो, मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय की व्यवस्था हो। इन सपनों को पूरा करने के लिये पूरी ताकत से प्रयास किया जायेगा।



## कांवड़ियों को छत से उतारकर वाहनों के भीतर बैठाया



वाहनों की छतों पर बैठे कांवड़ियों को नीचे उतारते पुलिस अधिकारी

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** पुलिस अधीक्षक (यातायात) गौतम राय (आईपीएस) तथा अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) डा. कृष्ण गोपाल सिंह सोमवार को कांवड़ रूट का निरीक्षण करते हुए बिजनौर से मंडावली क्षेत्र में स्थित मोटा महादेव मंदिर पर जा रहे थे। रास्ते में चंदक रेलवे क्रॉसिंग के नजदीक उन्हें डाक कांवड़ वाहनों की छतों पर बैठे हुए कांवड़िये दिखाई दिये। उन्होंने वाहनों को रुकवाकर छतों पर बैठे कांवड़ियों को नीचे उतारा तथा उन्हें समझाया कि वाहनों की छतों पर बैठना बेहद खतरनाक हो सकता है। उन्होंने कांवड़ियों को समझाकर वाहनों के अंदर बैठाया। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) डा. कृष्ण गोपाल सिंह ने बताया कि कुछ कांवड़िये वाहनों की छतों पर बैठे थे। वे डीजे के जिन स्पीकर बॉक्स के ऊपर बैठे थे, वे बॉक्स हिल रहे थे। वैसे भी वाहनों की छतों पर बैठकर सवारी करना सुरक्षा की दृष्टि से खतरनाक है। इसलिये उन्हें छत से उतारकर वाहन के अंदर बैठाया गया।

## 15 अगस्त तक हो सकेंगे आईटीआई के एडमिशन फॉर्म ऑनलाइन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राजकीय आईटीआई बिजनौर के नोडल प्रधानाचार्य मंजुल मयंक ने बताया कि जनपद बिजनौर में संचालित समस्त राजकीय एवं निजी आईटीआई में वर्ष 2026 से प्रारंभ हो रहे प्रशिक्षण सत्र में प्रवेश के लिए प्रवेश आवेदन पत्र ऑनलाइन करने की तिथि बढ़ा दी गई है। बढ़ी हुई तिथि के अनुसार अब आईटीआई के एडमिशन फॉर्म 15 अगस्त 2026 की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन किए जा सकेंगे। इसके साथ ही जो अभ्यर्थी पूर्व में अपना एडमिशन फॉर्म ऑनलाइन कर चुके हैं, वे उसमें संस्थान एवं व्यवसाय का विकल्प परिवर्तन 12 अगस्त 2026 तक कर सकते हैं।

## महिला पर तमंचे से गोली चलाने वाला दूसरा अभियुक्त भी गिरफ्तार

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** अपने घर के बाहर खड़ी महिला के ऊपर तमंचे से गोली चलाकर सनसनी फैलाने वाले अभियुक्त के साथ बाइक पर सवार सहअभियुक्त को गिरफ्तार करके पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया। नांगल थानांतर्गत ग्राम तिसोतरा निवासी सविता पत्नी राजवीर सिंह ने विगत एक अगस्त की रात्रि पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि शाम लगभग 7 बजे जब वह अपने घर के बाहर खड़ी थी, तो गांव के तीन युवक पंकज पुत्र संदेश, मोन्टी पुत्र मुन्नू तथा एक अज्ञात बाइक पर सवार होकर उसके घर के सामने आये और उनमें से पंकज ने जान से मारने की नीयत से उसके ऊपर तमंचे से फायर कर दिया। गोली से वह बाल-बाल बची तथा गोली उससे बचकर उसके घर के लकड़ी के दरवाजे के आर-पार हो गई। थानाध्यक्ष अन्नू कुमारी तथा विवेचक हरस्वरूप शर्मा ने बताया कि उपरोक्त मुकदमे के सहअभियुक्त मोन्टी पुत्र मुन्नू को आम के बाग से गिरफ्तार करके सोमवार को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।



पुलिस की गिरफ्त में जानलेवा हमले का सहअभियुक्त मोन्टी।

## नहटौर नगर पालिका कर रही स्वतंत्रता दिवस को भव्य बनाने की तैयारी

**नहटौर ( चिंगारी )।** नहटौर नगर पालिका प्रशासन ने स्वतंत्रता पर्व को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियां पूरी ताकत से शुरू कर दी हैं। पूरे नगर को राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर करने के उद्देश्य से नगर पालिका द्वारा क्षेत्र के सभी 25 वार्डों में राष्ट्रीय ध्वज का वितरण किया गया है। जानकारी के अनुसार नगर पालिका प्रशासन की ओर से प्रत्येक वार्ड में तिरंगे पहुंचाए गए हैं। इसके साथ ही पालिका ने आम नागरिकों, व्यापारियों और युवाओं से अपील की है कि वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने-अपने घरों, दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर गर्व से तिरंगा फहराएं। इस मुहिम का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस में देशभक्ति की भावना को और अधिक प्रबल करना तथा राष्ट्रीय पर्व को पूरे उत्साह व गौरव के साथ मनाना है। नगर में स्वतंत्रता दिवस को भव्य और स्मरणीय बनाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्ययोजना तैयार की गई है। झंडा वितरण के इस विशेष अभियान में विशाल वर्मा और मोहम्मद अफजल समेत पालिका के कई कर्मचारियों व स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर अपना योगदान दिया। पूरे नगर में इस पहल को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है।



झंडे वितरित करते हुये पालिका कर्मचारी।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

# चीनी की मिठास बढ़ी, क्या अब किसान के दिन भी सुधरेंगे ?



## चीनी के बढ़ते दाम के बीच गन्ना किसानों को समय पर भुगतान, लाभकारी गन्ना मूल्य, स्वस्थ मिट्टी और आधुनिक खेती की सुविधाएं मिलने की दरकार

क्या अब गन्ना किसानों के दिन सुधरने वाले हैं? यह सवाल आज गन्ने के हर उस किसान के मन में है, जो सालभर खेत में मेहनत करके गन्ना तैयार करता है और फिर चीनी मिल को अपनी फसल सौंप देता है। गन्ने से बनने वाली चीनी के थोक भाव में इस समय करीब 4,800 रुपये प्रति क्विंटल तक की मजबूती दिखाई दे रही है। यानी चीनी का भाव 5,000 रुपये प्रति क्विंटल के आसपास पहुंच चुका है। बाजार में यह तेजी चीनी उद्योग के लिए निश्चित रूप से राहत और संभावनाओं का संकेत है, लेकिन असली सवाल यह है कि इस मिठास का कितना हिस्सा गन्ना किसान तक पहुंचेगा?

चीनी की कीमतों में आई मजबूती के पीछे सरकार की एथनॉल नीति, चीनी के उत्पादन और बिक्री से संबंधित नीतिगत निर्णय तथा बाजार की परिस्थितियों को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जब सरकार की नीतियों और परिस्थितियों से चीनी उद्योग को बेहतर बाजार मिल रहा है तो अब सरकार की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है कि इसका लाभ उस किसान तक पहुंचे, जिसके खेत से चीनी उद्योग का पूरा कारोबार शुरू होता है।

### सबसे बड़ा सवाल

### भुगतान कब ?

गन्ना किसान की सबसे बड़ी समस्या आज भी समय पर भुगतान है। किसान कर्ज लेकर खेत तैयार करता है, खाद-बीज खरीदता है, सिंचाई करता है, मजदूरी देता है और महीनों की मेहनत के बाद गन्ना तैयार करता है। लेकिन यदि उसकी फसल का भुगतान महीनों या वर्षों तक अटक जाए तो उसकी पूरी आर्थिक व्यवस्था चरमरा जाती है।

किसानों के बीच बैठकर जब यह सवाल किया जाता है कि 'क्या आप अपने बच्चों से खेती करवाना चाहते हैं?' तो बड़ी संख्या में किसान जवाब देते हैं- 'हम अपने बच्चों को खेती नहीं कराना चाहते।'



यह जवाब केवल एक किसान की निराशा नहीं है। यह देश की कृषि व्यवस्था के लिए चेतावनी है।

बजाज समूह और सिंभावली जैसी मिलों से किसानों के भुगतान को लेकर लंबे समय से असंतोष सामने आते रहे हैं। जिस किसान को अपनी फसल का पैसा समय पर नहीं मिलता, उसका खेती से मोहभंग होना स्वाभाविक है।

> चीनी मिलों से निकलने वाले प्रेसमड यानी मैली को किसानों को निःशुल्क या बेहद कम लागत पर उपलब्ध कराया जाए। कृषि वैज्ञानिकों की सलाह से इसका उपयोग खेतों में कराया जाए तो मिट्टी में जैविक पदार्थ बढ़ाने की दिशा में मदद मिल सकती है। साथ ही किसानों के लिए आधुनिक कृषि यंत्रों की कस्टम हायरिंग व्यवस्था, उन्नत बीज और वैज्ञानिक खेती की जानकारी उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

### चीनी मिल केवल चीनी नहीं बनाती

गन्ना चीनी मिल के लिए केवल चीनी बनाने का कच्चा माल नहीं है। एक क्विंटल गन्ने से औसतन लगभग 10 किलोग्राम चीनी निकलने का अनुमान लिया जा सकता है, हालांकि वास्तविक रिकवरी मिल और गन्ने की गुणवत्ता के अनुसार कम या अधिक हो सकती है। इसके साथ ही गन्ने से खोई, शीरा, प्रेसमड यानी मैली, एथनॉल और बिजली जैसे महत्वपूर्ण उत्पाद भी मिलों की अर्थव्यवस्था का हिस्सा हैं। औसतन लगभग 30 किलोग्राम खोई, करीब 5 किलोग्राम शीरा और लगभग 4 किलोग्राम प्रेसमड निकलता है, हालांकि वास्तविक अनुपात गन्ने की गुणवत्ता और मिल की तकनीक के अनुसार बदलता है। लेकिन उक्त मात्रा स्टैंडर्ड है किसी भी शुगर मिल का औसत इससे कम नहीं आता, इससे अधिक ही आता है। यानी किसान के गन्ने से चीनी मिलों के लिए एक नहीं, कई आर्थिक रास्ते खुलते हैं। फिर सवाल यह है कि जब चीनी के साथ एथनॉल, बिजली, खोई, शीरा और प्रेसमड जैसे सह-उत्पादों से भी उद्योग को आर्थिक लाभ मिलता है, तो किसान को केवल गन्ने का भुगतान पाने के लिए वर्षों इंतजार क्यों करना पड़े?

पेराई सत्र 2025-26 खतरे के संकेत दे चुका है। अकेले बिजनौर जनपद में 600 करोड़ रुपए का गन्ने का कम उत्पादन हुआ था, जिसे सांध्य दैनिक चिंगारी ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। उसके बाद जब पूरे उत्तर प्रदेश के आंकड़े उठाए गए तो गन्ना विभाग में हड़कंप मच गया था। उत्तर प्रदेश में 3200 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड गन्ने का कम उत्पादन देखने को मिल चुका है।



**चिंतित और जागरूक किसान**

**-दिगंबर सिंह**

### अब सरकार से गन्ना मूल्य बढ़ाने की उम्मीद

आगामी पेराई सत्र को लेकर किसानों की निगाहें सरकार पर भी हैं। खेती की लागत लगातार बढ़ी है। डीजल, खाद, कीटनाशक, मजदूरी, सिंचाई और कृषि यंत्र सभी महंगे हुए हैं। ऐसे में सरकार को आगामी पेराई सत्र के लिए राज्य परामर्शित गन्ना मूल्य (SAP) में सम्मानजनक वृद्धि करनी चाहिए। किसान को केवल गन्ने का भाव नहीं चाहिए। उसे समय पर भुगतान, लाभकारी मूल्य, स्वस्थ मिट्टी, आधुनिक तकनीक और भविष्य की सुरक्षा चाहिए। यदि आज किसान खेती छोड़ने लगा तो आने वाले समय में इसका असर केवल चीनी उद्योग पर नहीं पड़ेगा, बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा पर भी पड़ेगा। इतनी बड़ी आबादी को खेती से बाहर निकालकर रोजगार देने के लिए हमारे पास अभी पर्याप्त वैकल्पिक व्यवस्थाएं नहीं हैं। इसलिए सरकार और चीनी उद्योग दोनों को समय रहते समझना होगा कि किसान को बचाना केवल किसान का सवाल नहीं, बल्कि उद्योग, अर्थव्यवस्था और देश के भविष्य को बचाने का सवाल है। चीनी की मिठास बढ़ चुकी है। अब जरूरत है कि उसकी मिठास किसान की जेब, उसके परिवार और उसकी मिट्टी तक भी पहुंचे।



# गांवों में 10 रुपये लीटर खरीदा जाएगा गौमूत्र

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के विजन के अनुरूप गौ संरक्षण को ग्रामीण अर्थव्यवस्था, महिला सशक्तीकरण और जैविक खेती से जोड़ने की दिशा में नई पहल शुरू हुई है। बुलंदशहर में किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के माध्यम से पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर गौमूत्र की खरीद शुरू की गई है। किसानों और पशुपालकों से 10 रुपये प्रति लीटर की दर से गौमूत्र खरीदा जा रहा है। पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के बाद इस मॉडल को प्रदेश के अन्य हिस्सों तक पहुंचाने की तैयारी है। इससे गौवंश पालने वाले परिवारों को दूध के साथ गौमूत्र से भी अतिरिक्त आमदनी का रास्ता मिल सकेगा। बुलंदशहर की स्याना तहसील के नरसैना गांव में डॉ. प्रवीण के नेतृत्व में एफपीओ के जरिए शुरू हुए इस प्रयोग से आसपास के 15 गांवों को जोड़ा गया है। इन गांवों में गौमूत्र एकत्र करने के लिए स्थानीय स्तर पर केंद्र बनाए गए हैं। वर्तमान में इन केंद्रों के माध्यम से प्रतिदिन करीब 500 लीटर गौमूत्र एकत्र किया जा रहा है। आगे खरीद की दर बढ़ाकर इसे 20 रुपये प्रति लीटर करने की भी योजना है।

### दूध के साथ गौमूत्र से भी होगी कमाई

उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि अभी तक ग्रामीण क्षेत्रों में गौपालन से होने वाली आय मुख्य रूप से दूध और दुग्ध उत्पादों पर निर्भर रहती है। इस प्रयोग के जरिए गौमूत्र को भी आर्थिक संसाधन के रूप में विकसित करने की कोशिश की जा रही है। 10 रुपये प्रति लीटर की दर से खरीद होने पर पशुपालकों को गौवंश से अतिरिक्त आमदनी हो सकती है। आगे इसे 20 रुपये प्रति लीटर तक ले जाने की योजना सफल होती है, तो पशुपालकों की आय में और वृद्धि हो सकती है। गौवंश से दूध के अतिरिक्त दूसरे उत्पादों के जरिए भी आय होने पर उनके संरक्षण को आर्थिक आधार मिल सकता है। गौमूत्र की नियमित खरीद की व्यवस्था विकसित होने से गोपालकों को पशुओं की देखभाल के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन मिलेगा।

# योग नगरी में चलाया गया वृहद स्वच्छता अभियान



**ऋषिकेश (चिंगारी)।** स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत महानगर में आईडीपीएल सिटी गेट से लेकर वीरभद्र डाकघर तक अभियान चलाया गया, जिसकी कमान अपर सिविल जज जू.डि. सचिव तहसील विधिक सेवा समिति तान्या मिड्ढा ने स्वयं संभाले रखी। उन्होंने स्वयं भी अभियान में सक्रिय रूप से प्रतिभाग कर स्वच्छता का संदेश दिया। दूसरी टीम का संयोजन नगर निगम के महापौर शम्भू पासवान और नगर आयुक्त विजय नाथ शुक्ला स्वयं कर रहे थे। गौरतलब है कि स्वच्छता व्यवस्था को लेकर उच्च न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए राज्य सरकार को स्वच्छता व्यवस्था सम्बन्धी निर्देश जारी किए हैं जिसको लेकर आठ अगस्त को तहसील और नगर निगम स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाते हुए जनजागरूकता का भी संदेश दिया गया। इस अवसर पर नगर निगम ऋषिकेश के नगर आयुक्त ऋषिकेश विजय नाथ शुक्ला, तहसीलदार ऋषिकेश प्रदीप सिंह नेगी, सहायक नगर आयुक्त चन्द्र कांत भट्ट, मगर निगम ऋषिकेश के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर पर्यावरण सचेतक डॉ. विनोद प्रसाद जुगलान ने स्वच्छता टोलियों के साथ स्वच्छता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई। स्वच्छता अभियान में तहसील विधिक सेवा समिति के साथ पैरा लीगल वार्लंटियर्स प्राविधिक स्वयं सेवक एवं नगर निगम के पर्यावरण मित्रों ने बड़ी संख्या में सक्रियता के साथ प्रतिभाग किया जहां आसपास के प्लॉट्स में बड़ी मात्रा में कूड़ा एकत्र हो गया था।

# महिलाओं को कमेटी के नाम पर झांसा देकर दो करोड़ रुपये लेकर महिला रफूचक्कर

## महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग

**कोटद्वार (चिंगारी)।** कोटद्वार के निंबूचौड़ निवासी एक महिला द्वारा अन्य महिलाओं को विश्वास में लेकर कमेटी के नाम पर लिए गए लगभग दो करोड़ रूपए लेकर फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। महिला के गायब होने की सूचना मिलते ही पैसे देने वाली महिलाओं में हड़कंप मच गया और उन्होंने कोतवाली पहुंचकर उक्त महिला के खिलाफ तहरीर देते हुए एफआइआर दर्ज करने की मांग की।

स्थानीय पार्षद अमित नेगी व नीलम नेगी के नेतृत्व में पीड़ित महिलाएं कोतवाली पहुंची और उन्होंने थानाध्यक्ष को उक्त महिला के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर में कहा गया है कि निंबूचौड़ के रामचंद्र पुरम निवासी जयंती नेगी पत्नी रोशन सिंह नेगी ने उन्हें झांसे में लेकर कमेटी के नाम पर अच्छा ब्याज देने का लालच दिया। कमेटी के झांसे में आकर क्षेत्र की काफी महिलाओं ने उन्हें पैसे आनलाइन व कैश भी दे दिये। अचानक वह महिला सभी के पैसे लेकर फरार हो गई। कहा कि अन्य महिलाओं ने अपनी मेहनत से कमाए पैसों को उक्त महिला के पास जमा किया था, लेकिन अब उसके फरार होने से सभी महिलाओं में आक्रोश है। तहरीर में महिलाओं ने उक्त महिला के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने सहित उसे ढूंढकर उनकी धनराशि को वापस दिलाने की मांग की है। तहरीर सौंपने वालों में मेनका नेगी, अंजना देवी, सुषमा देवी,लक्ष्मी रावत,अनीता नेगी, बबीता रावत, भूमा देवी, सीमा भट्ट व शोभा नेगी आदि महिलाएं शामिल रही।

# पिंजरा लगाने और गश्त बढ़ाने से नहीं होगा समाधान
# गुलदार की गतिविधियां रोकने को चलायें बड़ा अभियान

## सुरेन्द्र सिंह नेगी ने प्रशासन से की मांग

**कोटद्वार (चिंगारी)।** कोटड्डांग से ग्रास्टनगंज तक के क्षेत्र में वन विभाग द्वारा पिंजरा लगाने के बाद भी गुलदार द्वारा लगातार किए जा रहे हमलों और आबादी के आसपास उसकी बढ़ती गतिविधियों से लोगों में भय और दहशत का माहौल बना हुआ है। इसी बीच कुछ दिन पूर्व सुबह टहलने जा रहे स्थानीय निवासी राम सिंह चौहान को गुलदार ने हमला कर घायल कर दिया। घायल राम सिंह चौहान को तत्काल बेस अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया। इसकी सूचना मिलते ही पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी ने बेस अस्पताल पहुंचकर भर्ती राम सिंह चौहान से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य और उपचार की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में गुलदार लगातार सक्रिय है, इसलिए इसे अत्यंत गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। इससे पहले भी गुलदार क्षेत्र में कई लोगों पर हमला कर चुका है। मौके पर उन्होंने वन विभाग एवं अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर क्षेत्र में तत्काल गश्त एवं निगरानी बढ़ाने तथा गुलदार को पकड़ने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कहा कि एक पिंजरा लगाकर या महज औपचारिक गश्त से इस समस्या का समाधान नहीं होगा। कोटड्डांग से ग्रास्टनगंज तक जिस बड़े क्षेत्र में लगातार गुलदार की गतिविधियां और हमले सामने आ रहे हैं, वहां व्यापक अभियान चलाने की जरूरत है। उन्होंने शासन-प्रशासन और वन विभाग से मांग की कि प्रभावित क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में पिंजरे एवं ट्रैप कैमरे लगाए जाएं, संवेदनशील स्थानों पर दिन-रात गश्त बढ़ाई जाए तथा वन विभाग की विशेषज्ञ टीमों को सक्रिय किया जाए, ताकि गुलदार को जल्द पकड़ा जा सके और किसी भी प्रकार की जनहानि को रोका जा सके।

# जनपदीय विद्यालयों की जूडो प्रतियोगिता आयोजित



## बालक-बालिकाओं ने दिखाये अपने दमखम

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** जनपदस्तर पर विद्यालयीय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन परेड ग्राउंड स्थित क्रीड़ा हॉल में किया गया। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के अंडर-14 बालक वर्ग के 30 किलोग्राम भार वर्ग में अंश, देहरादून ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, अंडर-17 बालक वर्ग के 40 किलोग्राम भार वर्ग में नमन बहादुर, राजकीय इंटर कॉलेज काठ हरियावाला तथा 50 किलोग्राम भार वर्ग में आदित्य भंडारी, एनडीएस ऋषिकेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार अंडर-14 बालिका वर्ग के 44 किलोग्राम भार वर्ग में दिव्या, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज राजपुर रोड, अंडर-17 बालिका वर्ग के 40 किलोग्राम भार वर्ग में गुनगुन, राजकीय शिल्प विद्यालय तथा अंडर-19 बालिका वर्ग के 63 किलोग्राम भार वर्ग में आली जोशी, पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज काठ कालसी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता के आयोजन में जया नौटियाल, तरुण, गौरव, नीलम सहित जूडो एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी सतीश शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रतियोगिता के दौरान शिक्षा विभाग से जयदेव रावत, प्रमोद रावत, घनश्याम कार्य, संख्या गैरोला, जितेंद्र सिंह, अशोक गंगोला, अमित कुमार, मधुलिका, सुषमा भवानी आदि उपस्थित रहे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया डीएवी पब्लिक स्कूल का स्थापना दिवस

**कोटद्वार (चिंगारी)।** नगर निगम के अंतर्गत बलभद्रपुर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में डीएवी प्रबंध कृत समिति नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में स्कूल का 38वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का आरंभ हरिश्चंद्र शास्त्री के नेतृत्व में वैदिक परंपरा के अनुसार मंगलाचरण व हवन के साथ किया गया। तत्पश्चात प्रधानाचार्य नितिन भाटिया ने विद्यालय की अब तक की उपलब्धियों को साझा करते हुए, कहा कि विद्यालय की गौरवशाली परंपरा और उत्कृष्ट शिक्षा ही उसकी सबसे बड़ी पहचान है। विद्यालय से शिक्षा प्राप्त विद्यार्थी आज विभिन्न संस्थानों में उच्च पदों पर आसीन होकर देश सेवा कर रहे हैं। इसके बाद आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत नर्सरी, एलकेजी एवं यूकेजी के नन्हे छात्रों ने जंगल थीम पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया। प्रथम एवं द्वितीय कक्षा के छात्रों ने अंग्रेजी गीत स्माइल आन योर फेस पर आकर्षक प्रस्तुति दी। तृतीय एवं चतुर्थ के छात्रों ने राजस्थानी लोक संस्कृति प्रस्तुत की। वहीं अन्य कक्षाओं के छात्रों ने भी उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर अभिभावकों सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# 'शहीद मरते नहीं, अन्तर्मन में जीवित रहते हैं'

## शहीद राइफलमैन मंदीप रावत की स्मृति में वाद-विवाद प्रतियोगिता

**कोटद्वार (चिंगारी)।** देवभूमि पहल समिति की ओर से जानकी नगर स्थित हेमनदास सरस्वती शिशु मंदिर में शहीद राइफलमैन मंदीप सिंह रावत की स्मृति में विद्यालयी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के 11 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आरंभ शहीद की माता सुमा देवी, हेमनदास सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य महेंद्र गौड़ व रितेश शर्मा, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती ने शहीद को पुष्पांजलि अर्पित कर किया। वक्ताओं ने कहा कि शहीद कभी मरते नहीं,वे अपने साहस, त्याग और आदर्शों के रूप में आने वाली पीढ़ियों के अंतर्मन में जीवित रहते हैं। कहा कि उनकी स्मृतियों को चिरस्थायी रखने के लिए ही प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। वहीं देवभूमि पहल समिति के अध्यक्ष शिवम नेगी ने कहा कि समिति का उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं, बल्कि युवा प्रतिभाओं को मंच देना, उनमें राष्ट्र एवं समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना पैदा करना और उन्हें सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। तत्पश्चात आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में टीसीजी स्कूल की अर्चिता काला ने पहला, कान्वेंट स्कूल की तीस्ता ने द्वितीय व नवयुग पब्लिक स्कूल की साक्षी नेगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को समिति की ओर से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर समिति व विद्यालय के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की थीम होगी 'युवा शक्ति'

## लालकिले की प्राचीर से पहली बार गाया जायेगा वंदे मातरम्

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** देश के विभिन्न हिस्सों में चल रहे युवाओं और छात्रों के विरोध प्रदर्शनों के बीच इस बार स्वतंत्रता दिवस समारोह की थीम युवा शक्ति को ही रखा गया है और साथ ही लालकिले की प्राचीर से पहली बार राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् भी गया जायेगा।

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने सोमवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 में युवाओं के योगदान को महत्व देते हुए इस बार के समारोह की थीम विकसित भारत 2047 के लिए युवा शक्ति रखा गयी है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लाखों लोगों को प्रेरित करने वाले राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के मद्देनजर इस बार लालकिले की प्राचीर से पहली बार वंदे मातरम् गाया जायेगा। समारोह के लिए पांच हजार विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है, जिसमें 56वें अंतर्राष्ट्रीय भौतिकी ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतने वाले छात्र भी शामिल हैं। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान अलग-अलग दिन देश भर में 343 स्थानों पर तीनों सेनाओं के बैंडों की प्रस्तुति होगी। श्री सिंह ने कहा कि लालकिले की प्राचीर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन के साथ ही वंदे मातरम् गाया जायेगा। इसके बाद प्रधानमंत्री राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे और राष्ट्रगान होगा तथा प्रधानमंत्री का संबोधन होगा। सवालों के जवाब में रक्षा सचिव ने कहा कि समारोह के लिए युवा शक्ति की थीम पहले से ही तय थी और यह निर्णय युवाओं तथा छात्रों के आंदोलन से पहले ही लिया गया था। समारोह में फूलों की सजावट में वंदे मातरम् की झलक दिखेगी। इसमें राष्ट्रीय कैडेट कोर के 2,500 लड़के-लड़कियां और मेरा भारत (माई भारत) के स्वयंसेवक मिलकर लालकिले की प्राचीर के सामने ज्ञानपथ पर वंदे मातरम् की आकृति बनाएंगे। भारतीय वायुसेना का एमआई-17 हेलीकॉप्टर वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में एक बैनर लेकर उड़ेगा और लालकिले पर जमा लोगों पर फूलों की बारिश करेगा।





**आवश्यकता है**

हल्दौर स्थित गारमेंट फैक्ट्री के लिए कुशल लेयर कटिंग मास्टर एंव कुशल महिला ऑफिस असिस्टेंट की आवश्यकता है। संपर्क करें-

9319823965
8191819148







